मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 339
गुरुवार, 03 जुलाई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## एनडीए ही लौटा सकता है बिहार का खोया गौरव: राजनाथ सिंह

### राजद-कांग्रेस ने राज्य को पिछड़ेपन और अपराध की गर्त में धकेला

**पटना, 02 जुलाई।** बिहार चुनाव से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पटना के दौरे पर हैं। इस दौरान राजनाथ सिंह ने भाजपा कार्यकताओं में जोश फूंका और उनको जीत का मंत्र दिया। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा में हर कोई कार्यकर्ता की भावना से काम करता है, चाहे वह किसी भी पद पर हो। यही हमारी पार्टी की मजबूती का आधार है और इसी का परिणाम है कि भाजपा आज पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह केवल एक संगठन की बैठक नहीं है, बल्कि उस संकल्प की पूर्ति के लिए एक संकल्प सभा है, जिसे हमें बिहार और भारत दोनों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लेना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में दिखाया है कि भारत बदल सकता है और आगे बढ़ सकता है, बशर्ते नेतृत्व मजबूत हो, नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। हमें बिहार के हर निवासी के दिल में यही विश्वास जगाना है।

राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियों का एक ही उद्देश्य है, सत्ता में बने रहना। जबकि भाजपा का उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है...ऐसी नीतियां बनाना है जिसमें समाज के हर वर्ग का विकास हो। सभी को आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकार मिले, यह भी हमारी



सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

राजनाथ ने कहा कि लालूजी के मुख्यमंत्री रहते समय कपूर्री जी की विरासत और मूल्यों दोनों को हाशिए पर डाल दिया गया। यहाँ तक की न कोई स्मृति स्थल, न कोई ठोस योजना उनके नाम पर, न कोई विचारधारा का प्रचार। मोदी जी ने न सिर्फ कपूर्री जी का नाम नई पीढ़ी को फिर से याद दिलाया, बल्कि उनकी जीवन शैली और सिद्धांतों को 21वीं सदी की राजनीति का आदर्श बनाया।

लालू यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महापुरुषों का अपमान करना कुछ दलों की आदत बन चुकी है। सम्मान देना तो दूर, उन्हें अपनी राजनीति की चौखट पर बिछा देना ही इनकी शैली है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला एक दृश्य वायरल हुआ, जिसमें लालू जी के जन्मदिन समारोह में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लालू यादव जी के पैरों के पास रखी गई।

आरजेडी जैसे दल बाबासाहेब की तस्वीर ही नहीं उनके विचारों को भी कोई मोल नहीं देते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी बाबासाहेब और उनके दिए मूल्यों को अपने दिल में बसाती है। भाजपा की सरकार ने बाबासाहब से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य किया है।

## शमिक भट्टाचार्य ने अध्यक्ष चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन

**कोलकला, 02 जुलाई।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। उससे पहले क्या बंगाल बीजेपी की कमान शमिक भट्टाचार्य के हाथों में होगी? बुधवार दोपहर को यह संभावना और भी प्रबल हो गई। क्योंकि शमिक ने पश्चिम बंगाल बीजेपी का अध्यक्ष बनने के लिए एक और नामांकन दाखिल किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में कोई और शामिल नहीं हुआ। नतीजतन, किसी तरह यह तय हो गया कि शमिक ही प्रदेश भाजपा के अगले अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। हालांकि, कभी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष आज नामांकन केंद्र के आसपास भी नहीं दिखे।



सुकांत मजूमदार एक तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री और दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष दोनों की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। खबर थी कि विधानसभा चुनाव से पहले नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी। लेकिन किसे जिम्मेदारी दी जाएगी, इस पर अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, अब यह साफ होता दिखाी दे रहा है। अग्निमित्रा पाल, लॉकेट चटर्जी से लेकर जगन्नाथ चटर्जी तक के नाम लगातार सामने आ रहे थे। कई लोगों को तो यहां तक उम्मीद थी कि आरएसएस की सिफारिश पर दिलीप को फिर से बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

नामांकन ने बाद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अभी मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। प्रक्रिया अभी भी चल रही है। यह अभी पूरी नहीं हुई है। पार्टी नेतृत्व ने मुझे नामांकन दाखिल करने को कहा और मैंने वैसा ही किया।

परिणाम आना अभी बाकी है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी फिलहाल किसी भी तरह का मुकाबला नहीं चाहती है। इसीलिए भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शमिक के साथ बैठक की।

## जनता कर्ज में डूब रही और मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, 02 जुलाई।** कांग्रेस ने व्यक्तिगत कर्जदारों के प्रति व्यक्ति कर्ज में वृद्धि को लेकर बुधवार को केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि सरकार आंकड़ों और विशेषज्ञों का सहारा लेकर वास्तविक कमियों को छिपाने का लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन 'मोदी राज' में देश पर कर्ज का बोझ चरम पर है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार पर हमला करने के लिए मीडिया रिपोर्टों के स्क्रीनशॉट साझा किए। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं



किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसके नुकसान आज देश की जनता भुगत रही है।

यह सच्चाई किसी न किसी तरह हर रोज हमारे सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट से भारत की अर्थव्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सरकार कि ओर से आंकड़ेबाजी और एक्सपट्र्स का सहारा लेकर असली कमियों को छुपाने की कोशिश लगातार जारी है, लेकिन इस सच्चाई से कोई इनकार नही कर सकता कि देश पर कर्ज का बोझ मोदीराज में चरम पर है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 2 साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90,000 बढ़कर 4.8 लाख हो गया है। आमदनी का 25.7% हिस्सा सिर्फ कर्ज चुकाने में जा रही है। सबसे ज्यादा 55% लोन तथाकथित रूप से क्रेडिट कार्ड, मोबाइल एटक आदि के लिए जा रहा है, जिसका मतलब है इस महंगाई में परिवारों की आय में उनका गुजारा नहीं हो रहा है और वे कर्ज लेने पर मजबूर हैं। असुरक्षित कर्ज 25% पार हो चुका है।

## चकरोड विस्थापन की साजिश पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- प्रशासन और भूमाफियाओं की साठगांठ का आरोप
- बार-बार नापी कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने दी जिला कार्यालय घेराव की चेतावनी, मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग
- पीड़ित की तहरीर पर मुख्यमंत्री पहले दे चुके है जांच का निर्देश

**वाराणसी।** पिंडरा तहसील क्षेत्र में 2011 में नापी कर बनाए गए चकरोड को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा से दो बार काम होने के बावजूद प्रशासन बार-बार नापी कराकर चकरोड को विस्थापित करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कॉलोनाइजर और भूमाफियाओं के दबाव में तहसील प्रशासन बार-बार मापी कराकर उन्हें परेशान कर रहा है। आरोप यह भी है कि मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव के जांच आदेश पर तहसील प्रशासन ने अपनी जांच रिपोर्ट में आश्वस्त किया है कि चकरोड का विस्थापन नहीं किया जायेगा, इसके बावजूद बार-बार नापी का बहाना बनाकर चकरोड़ के वस्थापन की साजिष रची जा रही है.

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से 100 नंबर पर शिकायत करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो वे जिला प्रशासन कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि



मुख्यमंत्री इस प्रकरण की जांच के आदेश पहले ही दे चुके हैं, इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। पीड़ित रमेश पाल पुत्र स्व. अलगु पाल निवासी बाबतपुर ने कहा कि ्रतहसील के अधिकारी भूमाफियाओं के दबाव में काम कर रहे हैं। जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होगी, हम ग्रामीण चैन से नहीं बैठेंगे ्र ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों ने भू-माफियाओं के पक्ष में 2011 में निर्मित चकरोड की जगह बदल दी है। चौथी बार मापी कराए जाने से ग्रामीणों का गुस्सा अब उबाल पर है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने ग्रामीणों की आवाज नहीं सुनी तो मजबूर होकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में रमेश पाल का आरोप है कि वाराणसी के तहसील पिंडरा स्थित ग्रामसभा बाबतपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे सरकारी चकरोड का स्थान परिवर्तन कर तहसील कर्मियों द्वारा भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने व अवैध कराने की नियत से पुराने अभिलेखों व नक्शे में हेरफेर किया है।

आरोप है कि तहसील अफसरों ने भूमाफियाओं की मिलीभगत से ग्रामसभा बाबतपुर के आराजी संख्या 614, रकबा 0.045 हेक्टेयर की पक्की पैमाइश वर्ष 2011 में दर्ज चकरोड को 20 मीटर दूर खिसकाकर बदल दिया है।

## विभाजनकारी तत्व हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की उपलब्धियों से परेशान : एम.के. स्टालिन

**तमिलनाडु, 02 जुलाई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि विभाजनकारी मानसिकता वाले लोग, जो भक्ति के मुखौटे का उपयोग करके अपने वास्तविक इरादों को छिपाते हैं, द्रविड़ मॉडल सरकार के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की उपलब्धियों को बर्दाशत नहीं कर पा रहे हैं।

यहां हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के तत्वावधान में 32 जोड़ों के विवाह समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शासन के तहत पिछले चार वर्षों के दौरान विभाग के तत्वावधान में अब तक 2,376



शादियां संपन्न हुई हैं और इसमें आज हुए 576 विवाह भी शामिल हैं।

स्टालिन ने कहा कि 3,177 मंदिरों का अभिषेक किया गया है, जो अभूतपूर्व है। इसके साथ ही, 997 मंदिरों से संबंधित 7,655.75 एकड़ भूमि, जिसकी कीमत लगभग 7,701 करोड़ रुपये है, को पुनः प्राप्त करना द्रविड़ मॉडल सरकार के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग की मुख्य उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने कई अन्य पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें अनैथु सथियिनारुम अर्चक आगलम (किसी भी जाति का कोई भी व्यक्ति पुजारी बन सकता है) योजना के तहत 29 प्रशिक्षित पुजारियों की नियुक्ति भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह ऐसी कई और योजनाओं की सूची गिना सकते हैं, लेकिन हर किसी के लिए सब कुछ की भावना रखने वाली, उदारवादी द्रविड़ मॉडल सरकार की ऐसी उपलब्धियां उन लोगों से सहन नहीं हो रही हैं, जो नफरत और विभाजनकारी मानसिकता रखते हैं और अपनी असली मंशाओं को भक्ति का मुखौटा पहनकर छिपाते हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चे भक्त आध्यात्मिकता के क्षेत्र में सरकार की सेवाओं की सराहना करते हैं।

## उत्तराखंड में ट्रक पलट जाने से तीन कांवड़ियों की मौत

**टिहरी।** टिहरी जिले में बुधवार को कांवड़ियों को ले जा रहे एक ट्रक के पलट जाने से उसपर सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। नरेंद्र नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से 21 कांवड़ियों का समूह उत्तरकाशी जिले के हर्षिल जा रहा था और इस दौरान यह दुर्घटना हो गई।



मृतकों की पहचान विक्की, सुनील सैनी और संजय के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने ट्रक के अगले हिस्से में फंसे चार साल के बच्चे की जान बचा ली।

## हिमाचल प्रदेश सरकार केंद्र से मिले धन का इस्तेमाल करने में विफल रही: जे.पी. नड्डा

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस नीत सरकार केंद्र से जारी धनराशि खर्च नहीं कर पाई और लोगों के साथ अन्याय कर रही है। बिलासपुर में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने आए नड्डा ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को आपदा राहत कोष जारी किया है और स्वास्थ्य सेवा के लिए करोड़ों रुपये जारी किए हैं।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950






अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस- 4 जुलाई, 2025

# सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव



-ललित गर्ग

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो ह्यएकता में शक्तिह्ल की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है सहकारिताः एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना। यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे



को भी बढ़ावा देती है।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं।

सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है।

सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, मिलजुल कर काम करना या आपस में सहयोग करना। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है ह्यसभी के लिए एक, और एक सभी के लिए।

भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके।

गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफे की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, सहकारिता के संस्कारों में सहकारिता है। आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है।

# महत्वपूर्ण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी आठ दिवसीय यात्रा



अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी आठ दिवसीय यात्रा पर गए हुए हैं। इस यात्रा के दौरान - जो पिछले दस वर्षों में उनकी सबसे लंबी विदेश यात्रा है - प्रधानमंत्री ब्राजील में महत्वपूर्ण ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वैश्विक दक्षिण के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को विस्तार देंगे।प्रधानमंत्री की यात्रा दो महाद्वीपों को कवर करेगी और इसमें घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्राएं शामिल होंगी।प्रधानमंत्री मोदी की पिछली आठ दिवसीय यात्रा जुलाई 2015 में छह देशों की थी, जब उन्होंने रूस और पांच मध्य एशियाई देशों का दौरा किया था । अधिकारियों ने कहा कि यह दौरा अन्य मुद्दों के अलावा रक्षा, दुर्लभ पृथ्वी खनिजों और आतंकवाद विरोधी उपायों पर सहयोग पर केंद्रित होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यात्रा की शुरूआत घाना से की हैं। यह उनकी घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान प्रधानमंत्री घाना के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बातचीत कर । दोनों नेता मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा भी इस यात्रा में शामिल हैं । वे आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा सहयोग और विकास सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर भी बात करेंगे। घाना पश्चिमी अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत और घाना के बीच व्यापार और निवेश लगातार बढ़ रहा है। घाना से भारत में होने वाले आयात में 70% से ज्यादा सोना होता है। घाना के लिए भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश है।

घाना के बाद प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। वे तीन और चार जुलाई को यहां रहेंगे, जहां प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री वहां की संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो की संसद में स्पीकर की जिस कुर्सी पर कार्यवाही चलाई जाती है, वह भारत ने 9 फरवरी 1968 को इस देश को तोहफे में दी थी। लकड़ी की बनी ये कुर्सी केवल एक फर्नीचर का टुकड़ा नहीं, बल्कि भारत-त्रिनिदाद की दोस्ती और लोकतांत्रिक आदर्शों की साझी विरासत का प्रतीक है। आज, करीब 57 साल बाद, जब पीएम मोदी उस संसद में कदम रखेंगे, तो उसी ऐतिहासिक कुर्सी के सामने खड़े होकर वह अपना संबोधन देंगे। यह दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि 25 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एंड टोबैगो की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इससे पहले 1999 में किसी पीएम ने इस देश का दौरा किया था। पीएम मोदी को इस यात्रा का न्योता त्रिनिदाद एंड टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने दिया है। गौरतलब है कि इस देश की राजनीति में भारतीय मूल के लोग काफी प्रभावशाली हैं और कुल आबादी का लगभग 42% हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है।

कुर्सी को भारत में विशिष्ट भारतीय शैली और नक्काशी के साथ बनाया गया था। इसे तैयार करने में करीब छह साल का वक्त लग गया था क्योंकि इसे तैयार कर रहे दो कारीगरों में से एक बीमार हो गया था। इसका असर निर्माण प्रक्रिया पर पड़ा और आखिरकार यह 1968 में त्रिनिदाद को सौंप दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन संसद में दोपहर 1:37 बजे हुआ, और जब इसे सौंपा गया तो संसद में जोरदार तालियों के साथ इसका स्वागत हुआ। उस समय संसद के स्पीकर थे अर्नोल्ड थॉमसोस और भारत की ओर से इसे सौंपा था तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त मुनि लाल ने।

भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं हैं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और खून-पसीने की साझी विरासत से भी जुड़े हैं। 30 मई 1845 को पहली बार 225 भारतीय गिरमिटिया मजदूरों को लेकर एक जहाज त्रिनिदाद के तट पर पहुंचा था। इसके बाद भी यह सिलसिला जारी रहा और आज भारतीय मूल के लोग इस देश की राजनीति, समाज और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।दिलचस्प बात यह है कि भारत ने सिर्फ त्रिनिदाद को ही नहीं, बल्कि सूरीनाम की संसद को भी ऐसी ही एक स्पीकर कुर्सी तोहफे में दी थी। यह परंपरा दर्शाती है कि भारत सिर्फ सहयोग ही नहीं करता, बल्कि संविधान और लोकतंत्र जैसे मूल्यों को साझा कर उन्हें मजबूती भी देता है। ज्ञात हो कि घाना के राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ये दोनों ही नेता भारतीय मूल की हैं। 1999 के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है। प्रधानमंत्री ने नवंबर 2024 में गुयाना का दौरा किया था। आठ महीनों में कैरेबियाई क्षेत्र में उनकी यह दूसरी यात्रा है। इससे पता चलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितना महत्व देता है। इस यात्रा में त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय आप्रवासियों के आगमन के 180 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच आर्थिक संबंध बहुत ही ज्यादा मजबूत हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

अपनी यात्रा के तीसरे चरण में 4-5 जुलाई को प्रधानमंत्री अर्जेंटीना की यात्रा पर रहेंगे। वे राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना की साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति मिलेई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'पसंदीदा राष्ट्रपति' माना जाता है। 57 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली अर्जेंटीना यात्रा होगी। दोनों नेता पहले नवंबर 2024 में रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाया है। खासकर लिथियम के क्षेत्र में। लिथियम भारत की हरित ऊर्जा के लिए बहुत जरूरी है। अर्जेंटीना, भारत को सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का एक बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। 2024 में, भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और निर्यात सहयोगी था।

अपनी यात्रा के चौथे चरण में प्रधानमंत्री 5 से 8 जुलाई तक ब्राजील जाएंगे। यहां वे 17वें इफ्क्ठर शिखर सम्मेलन 2025 में भाग लेंगे। इसके बाद वे ब्राजील की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री की यह चौथी ब्राजील की यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी पांच से 8 जुलाई के बीच ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील में रहेंगे। यात्रा के आखिरी चरण में वो नामीबिया जाएंगे। जब भारत 22 साल बाद दुनिया के सबसे ताकतवर देश के रूप में खुद को देख रहा हो, उस वक्त ये यात्रा काफी अहम हो जाती है। ब्राजील के सबसे बड़े शहर रियो डी जेनेरियो में 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पांच जुलाई को शुरू होने जा रहा है। ये सम्मेलन इसलिए काफी अहम है कि दुनिया की कुल आबादी के 49.5 फीसदी हिस्से का ब्रिक्स प्रतिनिधित्व करता है। ग्लोबल जीडीपी का करीब 40 फीसदी हिस्सा ब्रिक्स से आता है। विश्व व्यापार का 26 फीसदी प्रतिनिधित्व ब्रिक्स करता है।

भारत के लिए इसलिए अहम है कि अमेरिका से टैरिफ वॉर के बीच भारत की बढ़ती ताकत को दिखाएगा। उसी तरह आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत प्रस्ताव पास हो सकता है। साथ भी भारत के लिए ब्रिक्स का ये सम्मेलन इसलिए अहम है कि अगले साल ब्रिक्स की मेजबानी भारत करेगा। दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स सम्मेलन में पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने साफ बताया था कि कैसे अत्याधुनिक तकनीक से ब्रिक्स के देश अपने लोगों की जिंदगी को बेहतर बना सकते हैं।

अब ब्रिक्स सम्मेलन के जरिए जहां भारत वैश्विक कूटनीति और अर्थनीति में एक अहम भूमिका निभा रहा है, वही चार अन्य देशों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी उन देशों से बेहतर संबंधों को खास बना रहे हैं। घाना के साथ भारत का दोतरफा कारोबार 24 हजार करोड़ रुपये का है जिनमें भारत ने घाना में 16 हजार करोड़ रुपयों का निवेश कर रखा है। अर्जेंटीना में भारत के साथ ऊर्जा-रक्षा, तेल और गैस समेत तमाम क्षेत्रों में समझौतों की उम्मीद है। वही त्रिनिदाद और टोबैगो से भारत के पुराने रिश्तों का रिन्यूअल होने जा रहा है। आखिर में नामीबिया में पीएम मोदी भारत के यूपीआई को लागू करने के समझौते को आगे बढ़ा सकते हैं। वहां पीएम मोदी संसद को संबोधित करेंगे और दोनों देश खनिज संपदा और यूनियम के व्यापार और निवेश पर भी चर्चा करेंगे। नामिबिया के साथ रेयर अर्थ मेटल्स पर डील हो गई तो भारत के लिए चीन पर निर्भरता खत्म हो सकती है।

अपनी यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जुलाई को नामीबिया जाएंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली नामीबिया यात्रा होगी। भारत से नामीबिया की यह तीसरी प्रधानमंत्री स्तरीय यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रपति न्देमुपेलिला नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे नामीबिया की संसद को भी संबोधित करेंगे। हाल के वर्षों में भारत और नामीबिया के बीच व्यापार बढ़ा है। 2000 में यह 3 मिलियन डॉलर से भी कम था जो अब लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया में खनन, विनिर्माण, हीरा प्रसंस्करण और सेवा क्षेत्रों में निवेश किया है। सितंबर 2022 में नामीबिया से भारत आए आठ चीतों को प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था। यह दुनिया में किसी बड़े मांसाहारी प्रजाति का पहला अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण था। इन दिनों रेयर अर्थ मेटल पर चीन की पाबंदियों के चलते पूरी दुनिया परेशान है। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह नामीबिया यात्रा भारत के इस संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# भक्तों की आवाज अब सीधे भोलेनाथ के कानों तक!

**14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार हैं. जबकि 11 जुलाई से सावन महीने की शुरूआत हो रही है, जो 9 अगस्त तक चलेगा. सावन का पहला सोमवार इस बार बेहद खास है. 500 साल बाद ग्रह-नक्षत्रों का ऐसा संयोग बन रहा है जब सावन के पहले सोमवार को प्रीति, आयुष्मान, सुकर्मा, शिव, सर्वार्थ सिद्धि और शोभन योग एक साथ भक्तों पर खुशियां बरसायेंगे. ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार ये छह योग सावन के पहले सोमवार का महत्व हजारों गुना बढ़ा देते हैं. इसलिए इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होगी. पंचांग के मुताबिक, सावन के पहले सोमवार पर सुबह 10 बजे से रात 10:30 बजे तक प्रीति योग रहेगा. इसके अलावा दोपहर 12:18 बजे से 1:51 बजे तक आयुष्मान योग का संयोग रहेगा. दोपहर 1:33 बजे से 2:33 बजे तक सुकर्मा योग बन रहा है. वहीं शाम 5:19 बजे से रात 7:15 बजे तक शिव योग का संयोग रहेगा. सावन में महादेव विशेष रूप से जागृत रहते हैं और भक्तों की हर पुकार को तुरंत सुनते हैं। इस समय सृष्टि में रुद्र तत्व का अधिक प्रभाव रहता है, जिससे शिव की शक्ति सृजन, पालन और संहार तीनों में सक्रिय हो जाती है। स्कंद पुराण और शिव महापुराण में उल्लेख मिलता है कि सावन में शिव आराधना से हजार गुना अधिक फल प्राप्त होता है, क्योंकि इस समय सृष्टि की संपूर्ण शक्ति शिवमय हो जाती है। भगवान विष्णु स्वयं शिव को प्रणाम कर इस कालखंड में विश्राम करते हैं। इसलिए शिव भक्तों के लिए यह महीना अत्यंत फलदायक और मनोकामना पूर्ति का होता है**

सावन मास के आगमन के साथ ही सृष्टि के संचालन में बड़ा आध्यात्मिक परिवर्तन होने जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार, इस विशेष काल में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और चार महीनों तक सृष्टि की बागडोर पूरी तरह भगवान शिव के हाथों में आ जाती है। यह वही समय है जब ह्लअब होगी सृष्टि की कमान महादेव के हाथों में, विष्णु करेंगे विश्रामह्ल, यह वाक्य शास्त्रों में जीवंत हो उठता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों में कहा गया है कि सृष्टि का



संचालन त्रिदेवों के सामंजस्य से होता है। भगवान ब्रह्मा सृष्टि के रचनाकार, भगवान विष्णु पालनकर्ता और भगवान शिव संहार तथा पुनर्निर्माण के अधिपति माने जाते हैं। लेकिन सावन का महीना वह कालखंड है, जब सृष्टि की बागडोर पूरी तरह महादेव के हाथों में आ जाती है। पुराणों के अनुसार, सावन में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का संपूर्ण भार भगवान शिव संभालते हैं। इसीलिए इस महीने को शिव का मास कहा जाता है। इस दौरान महादेव ही पालनकर्ता, संहारकर्ता और सृजनकर्ता बन जाते हैं। इस दौरान चातुर्मास का प्रारंभ होता है, जो लगभग चार महीने तक चलता है। इस अवधि में भगवान विष्णु विश्राम करते हैं और सृष्टि के संचालन का भार महादेव संभालते हैं। यह काल सृष्टि के संचालन, पालन और न्याय की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। स्कंद पुराण, शिव महापुराण और पद्म पुराण में उल्लेख है कि सावन के दौरान भगवान शिव साक्षात सृष्टि के नियंता बन जाते हैं। इस काल में महादेव की पूजा से मनोकामनाएं तत्काल फलित होती हैं।

खास यह है कि इस बार सावन के पहले सोमवार को शनि और गुरु का स्वराशि में रहना, साथ में प्रीति योग, आयुष्मान योग, सुकर्मा योग, शिव योग, शोभन योग, सर्वार्थ सिद्धि योग का महा संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, ऐसा संयोग लगभग 500 वर्षों बाद आया है। ज्योतिषाचार्यो की मानें तो सावन का यह सोमवार शिवभक्तों के लिए विशेष सिद्धि का अवसर है। इस दिन शिव को जलाभिषेक करने से अनेक जन्मों के पापों का क्षय होता है। साथ ही, विष्णु विश्राम काल के कारण सृष्टि का सारा नियंत्रण महादेव के अधीन हो जाता है। यह वही काल है, जब सृष्टि की हर क्रिया सीधे शिव संकल्प से प्रभावित होती है। भगवान विष्णु के विश्राम काल में शिव अपने करुणामय स्वरूप में विशेष रूप से भक्तों की पुकार सुनते हैं। इसलिए सावन में की गई हर प्रार्थना सीधे महादेव के दरबार में सुनी जाती है। सावन हमें यह भी सिखाता है कि जब पालनकर्ता (विष्णु) विश्राम में होते हैं, तब भी सृष्टि रुकती नहीं। सृष्टि की गति तब शिव के हाथों में आ जाती है, जो सृजन, संरक्षण और संहार तीनों के परम अधिपति हैं। यह समय हमें बताता है कि जीवन में परिवर्तन अनिवार्य है और हर परिवर्तन शिव के संकल्प से होता है। ऐसे में सावन में प्रतिदिन गंगाजल और पंचामृत से शिव का जलाभिषेक करें। महामृत्युंजय मंत्र का जाप अवश्य करेंः-

ह्लॐ त्र्यंबकं यजामहे सुगंधिं पुष्टिवर्धनम्।

उवार्रुकमिव बंधनान् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात।।

सोमवार व्रत रखें, शिव चालीसा, रुद्राष्टक और शिव पंचाक्षरी मंत्र ह्लॐ नमः शिवायह्ल का जाप करें। बिल्वपत्र, आक, धतूरा, भस्म और शमी पत्र महादेव को अर्पित करें। गंगाजल से अभिषेक करने से पापों का क्षय होता है। रुद्राभिषेकः जीवन में स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। व्रत और उपवासः भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। महामृत्युंजय जापः सभी प्रकार की बाधाएं, रोग, और भय समाप्त होते हैं। यह समय केवल धार्मिक कर्मकांड का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव से एकात्म होने का सर्वोत्तम अवसर है। महादेव स्वयं सृष्टि की कमान अपने हाथ में लेकर हमें यह सिखाते हैं कि परिवर्तन और पुनर्निर्माण ही जीवन का सत्य है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार सावन में शनि अपनी स्वराशि कुंभ में और गुरु अपनी स्वराशि मीन में स्थित हैं। दोनों ही ग्रह अपनी उच्च ऊर्जा में होते हैं, और इस प्रकार का संयोग पांच शताब्दियों के बाद बना है। शनिः न्याय, कर्म और धैर्य के कारक हैं। शनि का स्वराशि में रहना शुभ फल देता है। गुरुः ज्ञान, धर्म, सुख और उन्नति के कारक हैं। गुरु का स्वराशि में रहना विशेष लाभकारी है। यह अद्वितीय संयोग शिवभक्तों के लिए अत्यंत फलदायी है। इस दिन भगवान शिव की उपासना, व्रत, और जलाभिषेक विशेष सिद्धि और पुण्य देने वाला माना गया है।

महा संयोग में बन रहे शुभ योगः

- प्रीति योगः प्रेम और प्रसन्नता का प्रतीक।

-आयुष्मान योगः लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य का कारक।

- सुकर्मा योगः सभी कार्यों में सफलता का योग।

- शिव योगः भगवान शिव की कृपा शीघ्र प्राप्त होती है।

- शोभन योगः सौंदर्य, प्रतिष्ठा और यश बढ़ाने वाला योग।

- सर्वार्थ सिद्धि योगः सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला योग।

क्यों है यह संयोग अत्यंत दुर्लभः

पांच सौ वर्षों बाद शनि-गुरु का स्वराशि संयोग। सावन के पहले सोमवार पर इतने शुभ योगों का एक साथ बनना। इस अद्भुत संयोग का अगला अवसर कई पीढ़ियों बाद ही आएगा।

भक्तों के लिए विशेष लाभः

इस दिन जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, शिव चालीसा, बिल्वपत्र अर्पण करने से रोग, शोक, दरिद्रता और कष्ट समाप्त होते हैं। व्रत रखने से कुंडली के दोष शांत होते हैं और शनि-गुरु के विशेष आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।

इस दिन की गई प्रार्थना और दान से अकल्पनीय पुण्य प्राप्त होता है।

सावन, शिव और सोमवार के पौराणिक तथ्य

सावन, शिव और सोमवार का संबंध केवल व्रत और पूजा तक सीमित नहीं है, यह गहरे पौराणिक रहस्यों, आस्था और सृष्टि के कल्याण से जुड़ा है। सावन है सृष्टि की शांति का समय। शिव हैं करुणा और न्याय के प्रतीक। सोमवार है उनके भक्तों के लिए वरदान का दिन। ये तीनों एक-दूसरे से ऐसे जुड़े हैं जैसे जल, गंगा और शिवलिंग। जब सावन आता है तो आकाश से वर्षा की बूंदें धरती को शिवमय करने लगती हैं। इस मास का प्रत्येक सोमवार शिवभक्तों के लिए मुक्ति, कृपा और विशेष आशीर्वाद का अमूल्य अवसर बन जाता है। इसीलिए सावन मास को भगवान शिव का अत्यंत प्रिय समय कहा गया है। पुराणों के अनुसार, इसी मास में माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। मान्यता है कि श्रावण मास में की गई पूजा हजार गुना फलदायी होती है क्योंकि इस समय महादेव विशेष रूप से जागृत रहते हैं। पौराणिक कथानुसार, समुद्र मंथन के समय जब अमृत और विष निकले तो सबसे पहले कालकूट विष प्रकट हुआ, जिसने सृष्टि के तीनों लोकों को जलाने लगा। देवता और दानव किसी उपाय में असमर्थ थे। तब भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए वह विष स्वयं पी लिया। विष गले में अटक गया और वे नीलकंठ कहलाए। विषपान के बाद भगवान शिव का शरीर अत्यंत गर्म हो गया, जिसे शीतल करने के लिए देवताओं ने गंगाजल अर्पित किया। यह गंगाजल चढ़ाने की परंपरा श्रावण मास से ही प्रारंभ मानी जाती है। गंगा, भगवान शिव की जटाओं में विराजमान हैं। विष के प्रभाव को शीतल करने के लिए गंगाजल ही सर्वोत्तम उपाय बताया गया। सावन में शिवलिंग पर जल अर्पित करने से शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं क्योंकि यह उनकी ग्रीष्म पीड़ा का शमन माना जाता है। जहां तक सोमवार का शिव से संबंध, का है तो सोम का अर्थ है चंद्रमा। चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। सोम का स्वामी भी भगवान शिव को माना जाता है। सोमवार शिव का अत्यंत प्रिय दिन है। श्रावण मास के सोमवार पर शिव आराधना से विशेष पुण्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। शिव पुराण के अनुसार, माता पार्वती ने श्रावण मास में भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन व्रत और तप किया था। उन्होंने लगातार सोमवार व्रत रखे और शिव की कठोर तपस्या की। भगवान शिव माता पार्वती की भक्ति से प्रसन्न हुए और उनसे विवाह किया। तभी से कन्याओं में सोमवार व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। शास्त्रों के अनुसारः सावन मास में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, रुद्राष्टक पाठ और शिव चालीसा का विशेष महत्व होता है। श्रावण में अभिषेक करने से सभी जन्मों के पाप समाप्त हो जाते हैं।

कांवड़ यात्राः सावन महीने में कावड़ यात्रा का विशेष महत्व है. कांवड़ यात्रा सावन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर कृष्ण चतुर्दशी तक यानी सावन शिवरात्रि तक चलती है. इस दौरान भगवान भोले के भक्त पवित्र नर्मदा और शिप्रा नदी से जलभरकर बाबा महाकाल को अर्पित करते हैं. भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए कांवड़ यात्रा की परंपरा समुद्र मंथन के बाद से चली आ रही है। कांवड़िये गंगाजल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि यह जल शिव के विष के ताप को शांत करता है और भक्तों को अनंत पुण्य प्राप्त होता है।

सावन का संकेतः वर्षा की फुहारें महादेव के जलाभिषेक का प्रतीक हैं। हर बूंद शिव को समर्पित मानी जाती है। धरती, गगन, जल, वायु सब शिवमय हो जाते हैं।

शिवः सृष्टि, विनाश और पुनर्निर्माण के अधिपति

भगवान शिव न केवल संहारक हैं बल्कि सृष्टि के पालनकर्ता भी हैं। भोलेनाथ अपनी सहजता, सरलता और करुणा के लिए जाने जाते हैं। वे एक ऐसे देवता हैं जो केवल जल, बिल्वपत्र, और सच्ची भक्ति से प्रसन्न हो जाते हैं। शिव वह हैं जो भस्म धारण करते हैं, लेकिन भक्तों को अक्षय पुण्य का आशीर्वाद देते हैं।

क्यों है यह संयोग दुर्लभः

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, सावन के पहले सोमवार पर श्रवण नक्षत्र, शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और त्रयोदशी तिथि का एक साथ आना कई वर्षों बाद हो रहा है। यह योग शिवभक्तों के लिए अत्यंत शुभ और दुर्लभ माना जा रहा है। अगली बार यह संयोग दशकों बाद ही बन पाएगा।

इन राशि के जातक होंगे मालामाल

सावन में कई छोटे-बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव और ग्रहों की स्थिति के अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें कई राशि के जातक सावन के महीने में मालामाल होंगे। ज्योतिषियों की मानें तो सावन के महीने में कई राशि के जातकों पर देवों के देव महादेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से न केवल आर्थिक परेशानी दूर होगी, बल्कि करियर और कारोबार में भी सफलता मिलेगी।

कर्क राशिः मन के कारक चंद्र देव कर्क राशि के स्वामी हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। इस राशि के जातकों पर महादेव की असीम कृपा रहती है। उनकी कृपा से जीवन में किसी चीज की कमी नहीं रहती है। वर्तमान समय में शुक्र देव की भी कृपा बरस रही है। सावन के महीने में धर्मिक सक्रियता बढ़ेगी। साहसी और निडर बनेंगे। अपने फैसले से लोगों को अचंभित करने में सफल होंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। धन का व्यय हो सकता है। धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा से लाभ होगा। साथ ही आपकी प्रसिद्धि भी बढ़ेगी। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को सावन में अधिक फायदा होगा। घर में अन्न और धन की कमी नहीं रहेगी। गहने और कपड़ों की खरीदारी कर सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप गहने और महंगे कपड़े के शौकीन हो सकते हैं। पिता से भी धन लाभ होगा।

सिंह राशिः सिंह राशि के जातकों के लिए सावन का महीना खास साबित हो सकता है। इस महीने भगवान शिव की कृपा से जीवन में सुखों का आगमन होगा। धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। मानसिक वेदना से मुक्ति मिलेगी। सावन महीने में महादेव की कृपा से कारोबार में धन लाभ होगा। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। श्रेष्ठ और कुलीन लोगों से आपकी दोस्ती बढ़ेगी या होगी। भाग्य में वृद्धि होगी। आपके पास आमदनी के कई साधन होंगे। धन खर्चने में आप कंजूसी कर सकते हैं। शत्रुओं पर आपकी जीत होगी। घर-परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा। देवों के देव महादेव की कृपा पाने के लिए हर सोमवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद दूध या गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें। साथ ही भगवान शिव को सफेद फूल अर्पित करें। इस समय ह्लॐ नमः शिवायह्ल मंत्र का जप करें।

कन्या राशिः कन्या राशि के जातकों के लिए सावन का महीना बेहद खास रहने वाला है। इस महीने आप प्रॉपर्टी के माध्यम से पैसा कमाने में सफल होंगे। ऐसा भी हो सकता है कि आप उम्मीद से अधिक धन कमाएंगे। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर सकते हैं। धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। सेहत अच्छी रहेगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। करियर और कारोबार में भी ऊंचा मुकाम हासिल होगा। सावन के महीने में आप भंडारे का आयोजन कर सकते हैं। किसी न किसी माध्यम से पैसे कमाने में सफल होंगे। भगवान शिव की कृपा पाने के लिए सावन महीने में रोजाना गंगाजल में काले तिल मिलाकर देवों के देव महादेव का अभिषेक करें।

बरतें सावधानीः सावन के महीने में मांस मदिरा सा सेवन नहीं करना चाहिए. साथ ही तामसिक भोजन से दूर रहना चाहिए. सावन का महीना भोलेनाथ का प्रिय माह है. इस माह में ऐसे कार्य करने चाहिए जिनसे भोलेनाथ प्रसन्न हो, उन कार्यों से दूरी बनाकर रखना चाहिए जो भोलेनाथ को ना पसंद हो, इस माह में क्रोध और अंहकार से दूरी बनाकर रखनी चाहिए साथ ही किसी को कटू शब्द नहीं बोलने चाहिए. सावन के महीने में बाल कटवाना, नाखून काटना और दाढ़ी बनवाने पर मनाही होती है. सावन माह को धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है इसीलिए इस माह में इन कार्यों को करने की मनाही होती है. सावन में गृह प्रवे, प्रॉपर्टी खरीदना, बेचना शुभ नहीं माना जाता इसीलिए इस माह में इन कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए. सावन में भोलेनाथ पर तुली अर्पित ना करें. तुलसी को विष्णु प्रिया हैं इसीलिए भगवान शिव पर तुलसी तढ़ना निषेध है. साथ ही केतकी के फूल,हल्दी, कुलकुम भी ना अर्पित करें. सावन के महीने में दही से बनने वाली सब्जी कढ़ी को ना बनाएं, कच्चा दूध ना पिएं, मूली, बैंगन और मसालेदास भोजन ना करें. सावन के महीने में दूध का अनादर ना करें. सावन के महीने से चातुर्मास आरंभ हो जाता है इसीलिए इस माह में शादी, ब्याह, मुंडन संस्कार जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते. -सुरेश गांधी

## मुलुंड के प्रियदर्शनी स्पोर्ट्स संकुल की दुर्दशा पर कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने उठाए सवाल



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुलुंड के नागरिकों ने स्थानीय भाजपा नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि विधायक और छह नगरसेवकों की मौजूदगी के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। यह गुस्सा हाल ही में आयोजित एक बैठक में सामने आया, जो प्रियदर्शनी स्पोर्ट्स संकुल में हुई थी। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शंकर शेट्टी ने इस मौके पर कहा, छह महीने से प्रियदर्शनी का स्विमिंग पूल बंद पड़ा है, बच्चों को मजबूरी में ठाणे के राहेजा क्लब जाना पड़ता है। यह हमारे युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। शेट्टी ने यह भी सवाल उठाया कि 18 करोड़ रुपये के बजट के बावजूद अब तक पूल की मरम्मत शुरू क्यों नहीं हो सकी। उन्होंने कहा, जनता के पैसों का इस्तेमाल कैसे हो रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रियदर्शनी स्पोर्ट्स संकुल अब खेल गतिविधियों के बजाय शादी समारोहों का स्थल बनता जा रहा है। एक अभिभावक ने कहा, जहां कभी बच्चे अभ्यास करते थे, वहां अब साज-सज्जा और बैंड-बाजा है। राकेश शेट्टी ने चेतावनी दी कि यदि तीन महीने में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। हालाँकि, संकुल के प्रभारी श्री काले बैठक में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने किसी भी सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई। मुलुंड के नागरिक अब एकजुट होकर शासन से जवाब मांग रहे हैं। भाजपा नेतृत्व पर अब दबाव है कि वह ठोस कार्रवाई करे और जनता के विश्वास को बहाल करे।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं: मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए सभी शासकीय यंत्रणाओं को नवभारत साक्षरता अभियान में सक्रिय सहभाग देना चाहिए, ऐसा आवाहन जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने संयुक्त रूप से किया है। यह आवाहन जिला स्तरीय नियामक समिति एवं कार्यकारी समिति की संयुक्त बैठक में किया गया।

इस बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, महिला व बाल कल्याण अधिकारी व्यंकटराव हुंडेकर, प्राथमिक शिक्षणाधिकारी सोनाली मातेकर, माध्यमिक शिक्षणाधिकारी अशोक पाटील, शिक्षणाधिकारी (योजना) शेषराव बडे, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर, मुख्य लेखा अधिकारी पाटील समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सरकार के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वर्ष 2027 तक पालघर जिले को 100% साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान वर्ष में 33,691 निरक्षरों को साक्षर बनाने का ठोस लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी तहसीलों एवं विद्यालयानुसार लक्ष्य वितरित किए गए हैं। शालाएं, महाविद्यालय, आंगनवाड़ी सेविकाएं, आशा वर्कर्स, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं युवा मंडलों के सहयोग से गाँव-गाँव सर्वेक्षण कर निरक्षर व्यक्तियों और स्वयंसेवकों की ह्यउल्लासह्ल ऐप पर पंजीकरण किया जा रहा है। तत्पश्चात साक्षरता कक्षाएं भी शुरू की गई हैं। शिक्षणाधिकारी (योजना) शेषराव बडे ने जानकारी दी कि गत दो वर्षों में लगभग 40,000 निरक्षरों को केवल पढ़ना-लिखना ही नहीं, बल्कि आर्थिक, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता और जीवन कौशल का प्रशिक्षण भी दिया गया है।बैठक में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि यदि गाँव स्तर पर हर घटक सक्रिय होकर भागीदारी निभाए तो पालघर जिला साक्षरता की दिशा में एक बड़ी छलांग ले सकेगा।

## योगाचार्य डॉ. अजय कुंभार को केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने किया सम्मानित



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** योग साधना में 25 वर्षों से समर्पित सेवा देने वाले प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. अजय रविंद्र कुंभार को आज मुंबई के ओबेरॉय होटल, नरिमन पॉइंट में केंद्रीय आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ. कुंभार ने मंत्री प्रताप राव जाधव को अपनी 25 वर्षों की योग यात्रा पर आधारित योग पुस्तिका भेंट की, जिसका लोकार्पण पूर्व में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के द्वारा हुआ था। मंत्री ने उन्हें 28 मई को जारी प्रशंसा पत्र को फ्रेम के रूप में प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। इस सम्मान पर डॉ. कुंभार ने कहा ऱयह मेरे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि मेरे योग जीवन की एक स्वप्नपूर्ति है। यह मुझे राष्ट्रहित में योग के अधिक व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नई ऊर्जा और संकल्प देता है।

# अजित पवार और धर्मरावबाबा आत्रम के नेतृत्व में 400 से अधिक लोगों ने थामा एनसीपी का दामन

### मुंबई में भव्य पक्ष प्रवेश समारोह, आदिवासी क्षेत्रों में पार्टी के विस्तार को मिली नई गति



**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला जब गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिलों से 400 से अधिक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं ने मुंबई में आयोजित भव्य पक्ष प्रवेश समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की सदस्यता ग्रहण की। यह आयोजन नरीमन पॉइंट स्थित महिला विकास मंडल में संपन्न हुआ, जहां महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नवाब मलिक, एनसीपी राज्य अध्यक्ष सुनील तटकरे, पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान विधायक धर्मरावबाबा आत्रम, तथा विधायक शिवाजीराव गर्जे सहित कई अन्य प्रमुख नेता मंच पर मौजूद थे। समारोह में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह पक्ष प्रवेश कार्यक्रम आगामी जिला परिषद और नगरपालिका चुनावों से पूर्व विदर्भ में पार्टी के प्रभाव के विस्तार को दर्शाता है। शामिल हुए लोग मुख्य रूप से आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों से हैं, जिनका झुकाव एनसीपी की ओर एक राजनीतिक परिवर्तन की दिशा को स्पष्ट करता है।

कार्यक्रम का आयोजन विधायक धर्मरावबाबा आत्रम के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुआ, जो गढ़चिरौली क्षेत्र में जनहित कार्यों, रोजगार सृजन और सामाजिक समर्पण के लिए पहचाने जाते हैं।

पार्टी में शामिल हुए प्रमुख नामों में शामिल हैं: नितेश नरोटे, लक्ष्मण वेलादी, स्वामी गोदारी, चंद्रया दुर्गम, सत्यम पिडगु, महेश आडे, दीपक शंकरलाल जायसवाल, निलेश शामरावजी मानकर, राहुल अंकुश देवतले, श्रीमती नूतन रेवतकर, क्रिश्तय्या रंगय्या पोरतेट, शेख फरजाना इफ्तिखार, शेख अब्दुल रऊफ अब्दुल गफ्फार, शैलेन्द्र पटवर्धन, विलास सिडाम, नवरास शेख, ज्योति ताई सडमेक, सुरीह नाना जंगा, प्रमोद वैद्य, अनिल केरामी, वैशाली ताट पल्लीवार, बौद्ध कुमार लोनारे और नामदेव उडान। इस अवसर पर एक वरिष्ठ नवप्रवेशी ने कहा, हमने धर्मरावबाबा आत्रम जी को जनता की सेवा में निस्वार्थ रूप से कार्य करते हुए देखा है। उन्होंने न केवल गढ़चिरौली में विकास की रोशनी पहुंचाई, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी दिलाया। अजित दादा पवार और महायुति सरकार की नीतियों से प्रेरित होकर हमने एनसीपी से जुड़ने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में धर्मरावबाबा आत्रम के संघर्षों और जनसेवा की चर्चा भी विशेष रूप से हुई। वे ऐसे नेता हैं, जिन्हें नक्सलियों ने 17 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। इस अनुभव से उबरने के बाद उन्होंने जनकल्याण के मार्ग को अपनाया और गढ़चिरौली में लगभग 5000 परिवारों को माइनिंग सेक्टर में रोजगार दिलाया। आज भी वे निरंतर अपने क्षेत्र के लोगों के लिए काम कर रहे हैं।

## समरस फाउंडेशन ने किया वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना त्रिपाठी का सम्मान




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा आज मुंबई की यात्रा पर आए जौनपुर के वरिष्ठ पत्रकार मंगलेश्वर त्रिपाठी उर्फ मुन्ना त्रिपाठी का सम्मान किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने संस्था की तरफ से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा, महासचिव शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, संगठन मंत्री सुरेंद्र पांडे, सोनू यादव, भोला वर्मा, समाजसेवी अजीत सिंह तथा समाजसेवी उमेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

एक दशक पहले उत्तर भारतीय विकास परिषद के अध्यक्ष के रूप में मुन्ना त्रिपाठी महानगर में काफी चर्चित रहे। उत्तर भारतीयों के लिए उन्होंने कई बार आंदोलन भी किए। मुन्ना त्रिपाठी ने समरस फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई होगी: केडीएमसी

### भ्रम फैलाने वाला वार्ड रचना वायरल



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका चुनाव के लिए मनपा प्रशासन जहां गुपचुप तरीके से वार्ड रचना का मसौदा तैयार कर रहा है, वहीं सोशल मीडिया पर वार्ड रचना का फेंक मसौदा प्रसारित कर भ्रम पैदा किया जा रहा है।

भ्रम फैलाने वाले संबंधितों को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। मनपा के उपायुक्त रमेश मिसाल ने कहा कि स्पष्टीकरण सही नहीं पाए जाने पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जायेगा । उपायुक्त मिसाल ने नागरिकों से ऐसे वायरल संदेशों पर विश्वास न करने की अपील भी की है। उपायुक्त मिसाल ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने आगामी 10 जून को होने वाले महानगरपालिका आम चुनाव के लिए वार्ड रचना की तैयारी के नियम तैयार किए हैं। वार्ड रचना का मसौदा तैयार करने के नियम 2025 नाम दिया गया है। वार्ड रचना को कब तक पूरा कर लेना चाहिए? इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम तय किया गया है। कुछ मार्गदर्शक सिद्धांत दिए गए हैं। वार्ड की तैयारी करते समय क्या करना चाहिए? सड़क, सीमाएं, गणना क्षेत्र को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इन दिशा-निदेर्शों को ध्यान में रखते हुए 31 जुलाई तक वार्ड संरचना का मसौदा तैयार करना है। हम इस मसौदा वार्ड संरचना को सरकार को सौंपेंगे। सरकार द्वारा चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद 22 से 28 अगस्त के बीच मसौदा वार्ड संरचना प्रकाशित की जाएगी। इस पर नागरिकों से आपत्तियां मांगी जाएंगी। इन आपत्तियों की सुनवाई के लिए सरकार द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम मसौदा वार्ड संरचना प्रकाशित की जाएगी। अंतिम मसौदा वार्ड संरचना राज्य सरकार के राजपत्र और मनपा की वेबसाइट के साथ-साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी। पिछले एक-दो दिनों में किसी ने संभावित फेंक वार्ड संरचना का मसौदा वायरल कर दिया है। इसलिए हर कोई अधिकारियों से पूछ रहा है। आखिर यह क्या है? मनपा ने अभी तक मसौदा वार्ड संरचना प्रकाशित नहीं की है। यह काम मनपा द्वारा बहुत ही गोपनीय तरीके से किया जा रहा है। जब मसौदा तैयार नहीं हुआ तो कोई दूसरा मसौदा वायरल कर दिया गया है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। डिप्टी कमिश्नर मिसाल ने अपील की है कि कोई भी ऐसे वायरल मैसेज पर विश्वास न करे।

## पुलिस ने लौटाए नागरिकों के खोये मोबाइल

### नागरिकों ने पुलिस का आभार प्रकट किया



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** कल्याण परिमंडल तीन की पुलिस ने मिसिंग हुए मोबाइल फोन नागरिकों को वापस लौटाए हैं। कल्याण के खड़कपाड़ा थाने में आयोजित स्थानांतरण कार्यक्रम में कुल 72 महंगे मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। बीते 5 से 6 महीनों में कल्याण परिमंडल-3 में अनेक मोबाइल फोन मिसिंग हुए हैं।

कोलसेवाड़ी, बाजारपेठ, महात्माफुले चौक और खड़कपाड़ा थाने में मोबाइल मिसिंग को लेकर अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों की बारीकी से जांच कर पुलिस विभाग ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए। आज बुधवार को एक कार्यक्रम अयोजिय कर परिमंडल-3 के डीसीपी अतुल झेंडे, कल्याण के एसीपी कल्याणजी घेटे, कोलसेवाड़ी के इंचार्ज गणेश नहायदे, खड़कपाड़ा के इंचार्ज अमरनाथ वाघमोड़े आदि के हाथों लोगों को मोबाइल फोन स्थानांतरित किया गया है । अपना कीमती मोबाइल पाने के बाद नागरिकों ने पुलिस का धन्यवाद किया।

## कल्याण के पानी पूरी वाले का बेटा आईआईटी पहुंचा



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण के रहने वाले हर्ष गुप्ता ने। 11वीं में फेल होने के बाद उन्होंने इतनी पढ़ाई की कि आज आईआईटी रुड़की में उनका एडमिशन हो गया। उन्होंने भविष्य में समाज की सेवा करने और अपने जैसे बच्चों को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य बनाया है। जो लोग उन पर हंस रहे थे। पानी पूरी वाले का बेटा आईआईटी कैसे बन सकता है। वे उन्हें फोन करके बधाई दे रहे हैं। कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा इलाके में रहने वाले छात्र हर्ष गुप्ता 11वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे। उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा 11वीं की परीक्षा दी। वे पास हो गए। इसके बाद उन्होंने 12वीं की परीक्षा दी। जेई मेंस में उसने 98.59 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। उसका चयन जेई एडवांस के लिए हुआ था। लेकिन उसने एडमिशन नहीं लिया। वह देश के टॉप कॉलेजों में एडमिशन लेना चाहता था। उसने राजस्थान के मोशन एजुकेशन कोटा से पढ़ाई की। उसका चयन उत्तराखंड के आईआईटी रुड़की में हुआ है। वह सिविल सर्विसेज में भविष्य बनाना चाहता है। उसके पिता पानी पूरी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

जमा पूंजी से उसने बेटे की उच्च शिक्षा का सपना आंखों के सामने रखा। हर्ष की क्लास के बच्चे उसे चिढ़ाते थे। पानी पूरी बेचने वाले का बेटा क्या आईआईटी में एडमिशन लेगा? उसने उन बच्चों की बदसलूकी को नजरअंदाज कर अपने लक्ष्य पर फोकस किया। अब वही लड़की मुझे फोन कर बधाई दे रही है। कुछ दोस्त मेरा हौसला बढ़ा रहे थे। उसके शिक्षक नितिन विजय ने हर्ष का हौसला बढ़ाया और लक्ष्य हासिल करने के लिए मार्गदर्शन किया। हर्ष ने 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। जिसमें से उसने पांच से छह घंटे कोचिंग और पांच से छह घंटे सेल्फ स्टडी पर जोर दिया। इसी की बदौलत आईआईटी तक पहुंचना संभव हो सका। पिता संतोष गुप्ता ने कहा कि भले ही मैं पानी पूरी बेचने वाला हूं, लेकिन अपने बच्चों के सपने पूरे करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल सकता हूं।

पानी पूरी बेचने से होने वाली आमदनी ज्यादा नहीं है। फिर भी मैंने अपनी एलआईसी और जमापूंजी तोड़कर हर्ष की पढ़ाई के लिए पैसे जुटाए। हर्ष का आईआईटी में चयन हो गया। वह काफी खुश है। हर्ष के साथ-साथ मैं अपने दोनों बेटों शुभम और शिवम को भी उच्च शिक्षा दिलाकर बड़ा करना चाहता हूं। हर्ष की मां गांव में रहती हैं। जबकि हर्ष अपने पिता, दो भाइयों और दादी सत्यभामा के साथ रहता है। पढ़ाई के लिए निजता पाने के लिए उसने दस बाई दस का कमरा किराए पर ले रखा है। वहीं उसने पढ़ाई की है।

## फेयरवेल टू कराची: ए पार्टिशन मेमोयर किताब का विमोचन

**मुंबई।** भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने वाले लाईफस्टाईल प्लेटफॉर्म, जेन एस लाईफ ने एमक्यूब्ड लाईब्रेरी, बांद्रा, मुंबई में मशहूर लेखिका एवं फिल्म जर्नलिस्ट, भावना सोमाया के साथ एक यादगार संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उनकी नई कृति, फेयरवेल कराचीः ए पार्टिशन मेमोयर की रीडिंग की गई। इस रीडिंग कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अभिनेत्री-निर्देशिका, नंदिता दास, मीडिया प्रोफेशनल, तरन राजा और थिएटर के दिग्गज मधु राजा शामिल थे। संध्या कार्यक्रम में सबसे पहले मशहूर अभिनेत्री और निर्देशिका, नंदिता दास द्वारा फेयरवेल टू कराचीः ए पार्टिशन मेमोयर का विमोचन किया गया। उन्होंने इस संस्मरण में मौजूद भावनात्मक ईमानदारी और ऐतिहासिक गहराई की सराहना की। नंदिता दास ने कहा, विभाजन की कई कहानियाँ हैं, जिनमें से कुछ मैंने 1947 अर्थ और मंटो जैसी फिल्मों में दिखाने की कोशिश की है। लेकिन भावना सोमाया ने अपनी किताब में अपने परिवार की निजी कहानी का वर्णन किया है, जो कराची छोड़कर कच्छ आए और अंत में तत्कालीन बॉम्बे को अपना घर बना लिया। यह दृढ़ता और साहस की कहानी है। स्मृतियाँ केवल इतिहास को आकार नहीं देती हैं, बल्कि भावनात्मक उपचार भी करती है। इसके बाद तरन राज की अध्यक्षता में विचारशील और रोचक वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने इस बातचीत में समानुभूति के साथ भावना सोमाया और उपस्थितगणों को अपने विचार रखने के लिए प्रोत्साहित किया। थिएटर के दिग्गज मधु राजा ने वार्ता में मार्मिक पहलू जोड़ते हुए मौखिक इतिहास का संरक्षण करने के महत्व पर जोर दिया। ये शांत और विरासत में चली आई कहानियाँ विभिन्न पीढ़ियों में परिवार की पहचान को परिभाषित करती हैं। इस कार्यक्रम में भावना सोमाया ने कहा, यह संस्मरण एक गहरे व्यक्तिगत प्रश्न से निकला है। इस प्रश्न ने मुझे पारिवारिक स्मृति के भूले हुए कोनों में जाने की प्रेरणा दी। इसके पन्नों में अन्य लोगों को कैसे अपनी खुद की कहानियाँ मिल रही हैं, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। जेन एस लाईफ की संस्थापिका, मीनाक्षी मेनन ने कहा, जेन एस लाईफ में हम ऐसी जगहों का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पालघर में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरूआत

### ग्रामीण स्वच्छता की ओर निर्णायक कदम, सभी गांवों को बेमिसाल प्रदर्शन का बेहतरीन मौका




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत देशभर में आयोजित हो रहे स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान का शुभारंभ पालघर जिले में भी हो गया है। इस सर्वेक्षण के तहत जिले की 473 ग्राम पंचायतों और 899 गांवों में स्वच्छता से संबंधित मानकों की जांच की जाएगी। सर्वेक्षण का कार्य 15 अगस्त 2025 तक पूरा किया जायेगा तथा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गांवों को पुरस्कार से नवाजा जायेगा।

इस अभियान में केंद्रीय टीम द्वारा गांवों में संपूर्ण स्वच्छता व्यवस्था की जांच की जाएगी। इसमें गंदे पानी व ठोस कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक एवं शौचालय कचरा निपटान, शौचालयों का नियमित उपयोग, हाथ धोने की आदतें, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, कम्पोस्ट गड्ढे (खतखड्डे), साथ ही विद्यालयों, आंगनवाड़ियों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता का निरीक्षण शामिल है। सर्वेक्षण का मूल्यांकन कुल 1000 अंकों पर आधारित होगा, जिसमें चार प्रमुख घटक हैं थीम आधारित प्रत्यक्ष निरीक्षण 120 अंक, सेवा स्तर में प्रगति 240 अंक, नागरिकों से प्राप्त फीडबैक 100 अंक, गांवों की मौके पर जाकर मूल्यांकन 540 अंक यह स्वच्छता प्रतियोगिता देश के कुल 761 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य गांवों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की गति को और तेज करेगा। लोगों की आदतों में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक बदलाव आएगा और इससे न केवल गांव सुंदर बनेंगे बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। पालघर जिले की सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गये हैं कि वे स्वच्छता के सभी निर्धारित मानकों की पूर्ति सुनिश्चित करें और इस महाअभियान में पूरे जोश से भाग लें। इस सर्वेक्षण के माध्यम से पालघर जिले को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ गांवों की ओर अग्रसर करने की उम्मीद की जा रही है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.ओ. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# सरकारी विद्यालय बंद करने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन

## मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए: विनोद प्रजापति

**डॉ इम्तियाज सिद्दीकी**

जौनपुर( उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति के विरोध में बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों को बंद करने संबंधी सरकार के आदेश की प्रतियॉ जलाई। इस अवसर पर पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सरकार बड़ी मात्रा में पाठशाला बंद कर रही है और उससे कहीं अधिक मात्रा में मधुशालाएं खोल रही है जब से योगी सरकार सत्ता में आई है तब से लगभग 26हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद हो गए तथा 27 हजार से ज्यादा स्कूल फिर से बंद करने की योजना है, वहीं दूसरी तरफ 2024 में 27308 मधुशालाएं खोली गई। हम उत्तर प्रदेश में पाठशालाओं को बंद कर मधुशालाओं को खोलने की राजनीति नहीं चलने देंगे। जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि जौनपुर में अब तक पहले चरण में 57 सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए तथा सरकार मीडिया में यह नेगेटिव बना रही है कि हम केवल 4000 सरकारी स्कूल बंद करने जा रहे हैं जबकि यह केवल पहले चरण का आंकड़ा है इनकी असली योजना 27000 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने की है। उक्त विरोध कार्यक्रम में प्रमुख शामिल हुए डॉ अनुराग मिश्रा, जिलाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, विजय सिंह बागी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनीता मिश्रा, वंदना मिश्रा, उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, जिला महासचिव विनोद प्रजापति, अतुल कुमार तिवारी, शत्रुघ्न सिंह सोनू, नारायण तिवारी, अनुराग मणि चौहान जिला मुरली शशि कुमार, हरिकेश, पंकज समेत इत्यादि लोग शामिल हुए।




# मानीकलाँ राजकीय यूनानी चिकित्सालय भवन हुआ जर्जर

## छत से टपक रहा पानी, जर्जर भवन में डॉक्टर बैठने को मजबूर

**डॉ.इम्तियाज अहमद/आफताब आलम की रिपोर्ट**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा मानीकलां बाजार में स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है। यहां, पेयजल शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है। इतना ही नहीं भवन जर्जर हाल में है बारिश होने के बाद छत से पानी टपकता रहता है।जिससे चिकित्सक तथा कर्मचारी दहशत में हैं। मानीकलां बाजार में सन 1980 के दशक था ।मानीकलां निवासी (नस्सू सेठ) द्वारा जब राजकीय यूनानी चिकित्सालय की स्थापना कराई गई तो क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की आस जगी थी।लेकिन विभागीय उपेक्षा के चलते लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं का अकाल है। भवन के जर्जर होने के कारण चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मी हमेशा दहशत में जी रहे हैं। वह अंदर बैठने से कतराते हैं, उन्हें हमेशा अनहोनी की चिंता सताती रहती है। अस्पताल परिसर में शुद्ध पानी की व्यवस्था तक नहीं है। परिसर में हैंडपंप तो लगा है लेकिन दूषित पानी उगल रहा है जिससे मरीजों को शुद्ध पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है ।चारदीवारी होने के बाद भी आस पास के लोग एवं दुकानदार अपनी मोटर साइकिल,ठेला,साइकिल परिसर के अंदर खड़ा कर रहे हैं। परिसर में छुट्टा एवं आवारा पशु घूमते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भवन की छत पूरी तरह से जर्जर हो गई है ।कभी भी किसी हादसे की आशंका से सभी भयग्रस्त रहते हैं। केवल मुख्यद्वार के दरवाजा को छोड़कर सारी खिड़कियां, दरवाजे की लकड़ी या तो दीमक खा गए या सड़ गए।इस कारण यह रात में और भी असुरक्षित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल दवाओं तथा अन्य सुविधाओं से भी पूर्ण नहीं है भवन जर्जर होने के कारण दवाओं के रखरखाव, अभिलेखों की हिफाजत में परेशानी हो रही है। मरीज यहां आने से कतराते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि अगर इस अस्पताल की मरम्मत या नव निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो किसी हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। दो दिन पहले अस्पताल की चार दिवारी को तोड़ कर गिरा दिया गया। जब इस संबंधन में राजकीय यूनानी चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर से बात करने की कोशिश की गई तो वहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे।



कमाल की बात यहाँ है कि पहले जर्जर भवन की मरम्मत य नया निर्माण होना चाहिए था। मगर पहले बाउंड्रीवाल का काम जारी हुआ है। जब इस सम्बंध में ठेकेदार मुन्ना सिंह से उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के संवाददाता ने दूरभाषा पर बात किया तो ठेकेदार का कहना था कि एम एल सी बृजेश सिंह उर्फ.प्रियांशु के द्वारा भवन व बाउंड्रीवाल के बारे में शासन को पत्र लिखा गया था ।मानीकलाँ और मछलीशहर के लिए मगर दोनों जगह बाउंड्रीवाल के लिए शासन से धनराशि मिली है। जल्द ही भवन के निर्माण के लिए पुना पत्र भेजा जायेगा।

इस मौके पर अब्दुल्लाह उर्फ(डम्पी) सेराज अहमद, मोहम्मद अतहर , रामनाथ सोनकर, राजन मोदनवाल, राहुल मोदनवाल, अखिलेश प्रजापति, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अहमद, सुनील बिंद, ओमलाल चौरसिया, राजीव कुमार बौद्ध, वीरेन्द्र कुमार बौद्ध, आदि लोगों ने निर्माण कराने की मांग की है।

# सिकरारा में चलती बस बनी आग का गोला, चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

## डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचा दमकल, 2 घंटे तक आवागमन रहा बंद

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सिकरारा स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलजरगंज बाजार के पास से होकर गुजर रही दिल्ली से वाराणसी के लिए जा रही एक एसी बस आजमगढ़ प्रयागराज मार्ग पर गुलजार गंज प्रतापगंज बाजार के बॉर्डर पर अचानक बस में आग लग गई और देखते ही देखते धु धु कर जलने लगी उक्त दृश्य को देखते ही लोगों में हफरा तफरी मच गई सभी लोग अपने आप को घरों में ताला लगाकर बाहर भाग लिए घटना की सूचना पाते ही थाना अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते मौके पर हजारों लोगों के भीड एकत्रित हो गई लेकिन सभी लोग मूकदर्शक बने रहे डर की वजह से कोई भी जलती हुई बस के नजदीक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था करीब डेढ़ घंटे तक लगातार बस धु धु करके जलती रही दमकल विभाग को सूचना तुरंत दे दी गई थी लेकिन डेढ़ घंटे विलंब की वजह से बस जलकर पूरी तरह से राख में तब्दील हो गई सिर्फ उसका लोहे का ढांचा ही बचा हुआ है बस चालक कमल कुमार निवासी दिल्ली ने बताया कि 10:30 बजे रात बस लेकर हम दिल्ली से रवाना हुए थे जिसमें लगभग 35 यात्री सवार थे मछली शहर तक आधा यात्री उतर



गए थे फिर भी लगभग 14 यात्री बच्चे थे जब मेरी गाड़ी गुलजार गंज बाजार के पास पहुंची तो मुझे हल्का सा इस्माइल आने लगी तो मैं तीव्र गति से गाड़ी वहां से चलते हुए 200 मीटर आगे जाकर एकांत में प्रतापगज बॉर्डर पर गाड़ी खड़ी कर दिया और तुरंत सभी यात्रियों को गाड़ी से बाहर उतार दिया इसके बाद बोनट खोलकर मैं चेक करने का प्रयास किया इतने में मेरी गाड़ी धुधु करके जलने लगी लोगों का कहना है कि अगर दमकल गाड़ी समय से आ गई होती तो ना तो मेरी बस जलती ओर बगल में रखी हुई गोंटी जलती बगल में एक गोंटी रखी हुई थी जिसका 60000 रुपए का सामान जल गया उक्त घटना के दौरान लगभग ढाई घंटे पूरा दोनों तरफ से संपर्क मार्ग पर आवागमन बन्द हो गया था दो-दो किलोमीटर लंबी गाड़ियों की कतारी लग गई थी एक यात्री ने पूछने पर बताया कि मैं दिल्ली से अपनी मोटरसाइकिल लादा था और वाराणसी के लिए जा रहा था वह भी इसी में जलगई बाकी बचे यात्रियों का कितना सामान जल गया है इसका आंकड़ा किसी के पास नहीं है बस चालक कमल की प्रशंसा सभी लोग कर रहे हैं क्योंकि चालक की ही सूझबूझ से भारी हादसा होने से टल गया क्योंकि गाड़ी में जब उसे इस्माइल की महक आने लगी तो वह गुलजारगंज बाजार से गाड़ी तीव्र गति से 200 मीटर आगे लाकर प्रतापगज मे खड़ी कर दिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर उतार दिया और बोनट खोलकर चेक ही कर रहा था तभी बस आग की गोला बन गई आग कैसे लगी पूछने पर चालक कमल ने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ी है शार्ट सर्किट की वजह से बस में आग लगी है।

# एक दिन धरती के भगवानों के नाम, आईएमए ने धूमधाम से मनाया डॉक्टर्स डे

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। ठंडी, गर्मी, बरसात हर मौसम में दिन में रात में कभी भी जब किसी इंसान की जान पर बन आती है या यूं कहें किसी बीमार या दुर्घटनाग्रस्त आदि कारणों से जब इंसान मुश्किलों में पड़ता है तो सबसे पहले उसे जीवनदान की उम्मीद धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टरों से ही उम्मीद की किरण नज़र आती है। और डॉक्टर्स भी अपना सर्वश्रेष्ठ देकर इंसानों जिंदगियों को बचाते हैं। शायद भगवान के बाद धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर्स पर लोगों की जीवन की डोर एक तरह से बंधी रहती है। इसी लिए साल का एक इन धरती के भगवानों के नाम होना ही चाहिए। मंगलवार की रात डॉक्टरों की संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आईएमए)ने नगर के पक्का पोखरा स्थित ज्योत्स्ना भवन में बहुत ही धूमधाम से डॉक्टर्स डे मनाया और मेडिकल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्व. उमानाथ सिंह स्वशासकीय मेडिकल कालेज की प्राचार्या डाक्टर रुचिरा सेठी ने उपस्थित डॉक्टरों और गणमान्यों को



सम्बोधित करते हुए कहा की डाक्टर का पेशा केवल इलाज नही बल्कि एक जीवित मानवता की सेवा है। सेवा समर्पण और संवेदना ही इस पेशे की आत्मा है।

वही संगठन के अध्यक्ष डाक्टर अभिषेक रावत और सचिव डाक्टर देवी प्रसाद पुष्पजीवी ने संयुक्त रूप से कहा की डॉक्टर्स पेशे को मानव सेवा के क्षेत्र मे काम करने वाला बहुत ही सम्मानित काम है। डॉक्टर मेहनत और लगन से मरीजों की सेवा कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक को अपना रहे हैं। डॉक्टर मरीजों से दूरी कम करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डाक्टर रफीक फारूकी रहे।

उक्त मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी, डाक्टर एसएल गुप्ता, डाक्टर केपी मिश्रा, डाक्टर प्रेमचंद चित्रवंशी, डाक्टर वाहिद, डाक्टर मो. सालेह, डाक्टर अबु फैसल, डाक्टर सचिन मौर्या, डाक्टर फारूक अरशद, डाक्टर जेपी दुबे, डाक्टर जावेद, डाक्टर रूचि मिश्रा, डाक्टर आरबी यादव, डाक्टर हरिओम मौर्य, डाक्टर सुधाकर, डाक्टर मौलश्री चित्रवंशी, डाक्टर महेंद्र यादव, डाक्टर डीएस यादव, डाक्टर हिमांशु चित्रवंशी, डाक्टर सुधांशु चित्रवंशी, डाक्टर प्रदीप गौतम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अब्दुल्ला ने किया।

बताते चलें की भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर साल 1 जुलाई को एक महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ॰ बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. रॉय भारतीय चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी थे और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

# समाजवादी पार्टी ने धूमधाम से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। वही कस्बा के नगर अध्यक्ष सलीम अहमद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया और एक-दूसरे को मिठाई, केक



खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चेयरमैन वसीम अहमद ने कहा कि अखिलेश यादव केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश को विकास की नई दिशा दी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। हम लोग मिलकर 2027 में भारी मतों से विजयी बनाकर तोहफा दूँगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए।

अंत मे नगर अध्यक्ष सलीम अहमद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता रही है और इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाना पार्टी का उद्देश्य है। इस मौके पर सभासद सतीष यादव त्रिदेव, सभासद विवेक यादव, करमचंद यादव, शमीम अहमद, मोहम्मद आसिफ, शाह फहद, गुड्डू यादव, शाहिद, राकेश यादव, मोनू, अजय व अनुराग समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद ने प्रसूताओं में वितरित किया फल व मिठाई

## सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर सामुदायिक केंद्र पहुंची थी सांसद

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सपा सुप्रीमो व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच भर्ती प्रसूताओं में फल व मिठाई वितरित किया। इस दौरान बेड पर लगे चादर को दिन प्रतिदिन बदलने को लेकर कर्मचारियों को निर्देशित किया। वही शौचालय सहित अन्य जगहों पर गंदगी देख कर्मचारी से साफ सफाई के बारे मे पूछा तो अस्पतालकमीर्य ने बताया कि सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण समस्या होती हैं इसीलिए कभी कभी प्राईवेट लोगों को बुलाकर निजी खर्च पर साफ सफाई कराया जाता है। जिसपर सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि जल्द ही शासन प्रशासन को पत्राचार कर समस्या से अवगत कराएंगे। ताकि अस्पताल में हो रही गंदगी से निजात पाया जा सके। इस अवसर पर नीरज पहलवान, पवन मंडल, गोबिंद कुमार, नमन यादव समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शौच के लिए गयी 15 वर्षीय किशोरी से युवक ने किया दुराचार, वीडियो बनाकर दी धमकी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी से उसके घर के पीछे गांव के ही एक युवक ने जबरदस्ती दुराचार किया।उसके दोस्त ने मौके पर वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को प्रताड़ित किया जाता रहा। मंगलवार को तहरीर मिंलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।ऊ क्त गांव निवासी किशोरी 15 मई की रात को अपने घर के पीछे शौच के लिए गयी थी। जैसे ही वह घर के पीछे पहुंची उसी समय गांव का सचिन यादव अपने एक दोस्त के साथ उसे दबोच लिया। उसके बाद सचिन ने उसके साथ दुराचार किया। उसका दोस्त दुराचार का वीडियो बनाता रहा। सचिन ने किशोरी को धमकी दिया कि अगर वह जब बुलायेगा तब आना पड़ेगा नही तो वीडियो वायरल कर दूंगा। घटना से किशोरी डर के मारे सहम गयी। वह घर मे भी गुमसुम रहने लगी। एक माह से पुत्री को डरी सहमी व गुपचुप रहता देख कर परिजनों को कुछ शंका हुई। उन लोगों ने बहुत समझाबुझाकर जब पूछा तब उसने सारी बात बता दिया। जिसके बाद पीड़ित के पिता की तहरीर पर युवक के ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ। थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के ऊपर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध चला विशेष चेकिंग अभियान, 8 स्कूली वाहनों पर हुई कार्रवाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। परिवहन आयुक्त उ0प्र0 द्वारा एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक स्कूली वाहनों के प्रति विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में 02 जुलाई 2025 को स्कूली वाहनों के विरूद्ध सघन जॉच की गयी जिसमें मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले 08 स्कूली वाहनों का चालान/बन्द की कार्यवाही की गयी है। उक्त के साथ जनपद के समस्त स्कूल प्रबन्धकों एवं वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि वाहनों को मानक के अनुरूप कराकर ही संचालन किया जाय। उक्त अवसर पर समस्त प्रवर्तन कार्मिक उपस्थित रहे।

# खुटहन पुलिस टींम द्वारा देशी तमंचा के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना खुटहन पुलिस टींम द्वारा 01 देशी तमंचा के साथ 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार। थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा चेंकिग के दौरान मुखबिर खास की सूचना आरोपी नितिन यादव पुत्र सुरेश यादव नि0ग्राम गंगापुर थाना करौदीकला जनपद सुल्तानपुर को एक देशी तमंचा .315 बोर के साथ दिनांक 02.07.2025 को रसूलपुर से समय करीब 09.55 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इंतजामिया कमेटी ने लावारिश शव को दफन करवाया

## ◆ शहर कोतवाली थाने से मिला था शव, अब तक 161वां शव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले में मिलने वाले मुस्लिम लावारिश शव को दफन करवाने वाली कमेटी लावारिस शव इंतजामियां कमेटी ने शहर कोतवाली थाने से मिला हुआ एक शव देर शाम हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया शव के बारे में पुलिस विभाग से आरक्षी सदानंद यादव ने बताया कि यह शव जिला अस्पताल का है किसी ने 108 नंबर पर फोन करके अस्पताल भेजवाया था जहां इलाज के दौरान मृत होने कर पोस्टमार्टम के बाद मुस्लिम समुदाय का होने पर कमेटी को सौंपा गया। हुलिया से वृद्ध प्रतीत हो रहा था जिसकी उम्र लगभग 60 साल होगी। शव को पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को सौंपा गया।कमेटी के द्वारा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से इसे हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया गया। कमेटी के संस्थापक रियाजुल हक ने बताया कि लॉकडाउन के बाद से मुस्लिम शव को दफन करने का सिलसिला लगातार जारी है इसी क्रम में यह 161 वा शव था।



इस मौके पर कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर आबिद खान, मास्टर मेराज एवं इम्तियाज अहमद सिद्दीकी/ बाबू भाई और महासचिव ताज मोहम्मद, अकरम मंसूरी, डॉक्टर इरफान (नोबेल हॉस्पिटल), आरिफ वसीउल्लाह अंसारी, हाफिज जावेद मौजूद रहे।नमाज ए जनाजा हाफीज अजहर रशिदाबादी ने अदा कराई। वही कमेटी के अन्य सदस्यों में नितिन सिंह गोलू, दानिश सिद्दीकी, शाहनवाज अहमद, मो.कैफ, अदनान शेख,हुसैन अब्बास, नूर ट्रेडर्स, डॉ.अबुल खैर हारीश,मिर्जा हैदर बेग शेखू, मो.कलीम, शमशाद पोटरिया का विशेष योगदान रहा।

# कोरियर कंपनी के मैनेजर को मारी गोली

## पहले काम मांगने आया था आरोपी, ना करने पर ताबड़तोड़ बरसाई गोलियां, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी के चितईपुर थाना क्षेत्र स्थित सुसुवाही इलाके में मंगलवार की शाम एक युवक ने कोरियर कंपनी के मैनेजर विकास तिवारी को उनके ही ऑफिस में घुसकर गोली मार दी। गोली मैनेजर के चेहरे पर लगी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। फायर होते ही आसपास हड़कंप मच गया। हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। यह हमला उस वक्त हुआ जब विकास अपने गोदाम पर कर्मचारियों के साथ अगले दिन की डिलीवरी की तैयारी में जुटे थे। सूचना पर चितईपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लहूलुहान अवस्था में विकास को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

हालांकि हमलावर सीसी कैमरे में कैद हो गया है। बताया गया कि युवक इस कंपनी के मैनेजर से सुबह कोरियर ब्यॉय की नौकरी मांगने आया था, जिसे ऑनलाइन अप्लाई करने की बात कहकर मैनेजर ने लौटा दिया था। इनकार से नाराज होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस की टीमें उसकी गिरफ्तारी को दबिश दे रही है। घायल विकास तिवारी मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के निवासी हैं और वर्तमान में चितईपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रहते हैं। वह एक प्रतिष्ठित कोरियर कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हमलावर की तस्वीरें कैद हो गई हैं। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल ने बताया कि फुटेज के आधार पर हमलावर की पहचान की जा रही है और पुलिस की टीमें गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार गोली संभवतः नाक को छूते हुए बाहर निकल गई है। लेकिन चेहरे पर गंभीर जख्म हैं। सिटी स्कैन के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। फिलहाल घायल की हालत स्थिर समाचार लिखे जाने तक किसी की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# सिकरारा में नहर में बह कर आई युवक की लाश, मचा हड़कंम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सिकरारा में नहर में बह कर आई युवक की लाश मचा हड़कम बुधवार की सुबह 7:00 के करीब सिकरारा थाना क्षेत्र के शारदा सहायक नहर बथुआवर तिराहे के पास पुलिया में फसी ग्रामीणों ने एक लाश देखी।लाश को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने अपने हमराहियों के साथ लाश को पानी से बाहर निकलवाया पूछने पर उन्होंने बताया कि उसकी उम्र करीब 25 साल है वह कच्छी बनियान पहने हुए हैं लाश पूर्ण रूप से खराब और गल चुकी है है जो दुर्गंध युक्त हो गई है फिर हाल समाचार लिखे जाने तक लाश की पहचान नहीं हो पाई थी।

पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है आपको बताते चलें कि जब भी शारदा सहायक नहर में पानी अधिक बहने लगता है तो लाश बह कर आने की संख्या बढ़ जाती है उक्त लाशें बह कर कहां से आती हैं इसका पुलिस आज तक पता नहीं लगा पाई है। बस खाना पूर्ति करने के बाद शव को लावारिश घोषित करके मर्चरी हाउस में 72 घंटे रखवाने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर लावारिश शव अंतिम संस्कार संस्था को दे दिया जाता है।







## स्नेहा दुबे ने मानसून सत्र विधानसभा मानसून सत्र में किया सवाल

-नरेंद्र सोनी



**वसई रोड।** वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने मानसून सत्र विधानसभा में प्रश्नोतरी दरम्यान सवाल किया की वसई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 किलोमीटर लंबी तटरेखा है। इस तटरेखा से सटे गांवों की सुरक्षा और समुद्र तट को कटाव से बचाने के लिए 14 सितंबर 2023 के सरकारी निर्णय के अनुसार नवापुर, भुईगांव, रानागांव, पचुबंदर, चिकलडोंगरी गांवों के लिए आपदा प्रबंधन निधि के तहत 30 करोड़ रुपये के कटाव नियंत्रण बांध स्वीकृत किए गए हैं। लेकिन 22 महीने बीत जाने के बाद भी यह काम शुरू नहीं हुआ है। 22 महीने से लंबित यह काम आखिर कब शुरू होगा? और कब यह पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा?और पिछले कई महीनों में ज्वार की वजह से पानी गांव में घुस गया है, जिससे गांव के घरों, वहां के व्यवसायों और समुद्र तट को भारी नुकसान पहुंचा है। पिछले हफ़्ते भुईगांव के बीच पर करीब 500 पेड़ गिर गए थे, और वहां की दुकानों को भी पेड़ों के गिरने से काफी नुकसान हुआ था. राजस्व विभाग के पास इसके सारे पंचनामे हैं. ये सारे काम 22 महीने से रुके हुए हैं, क्यों रुके हुए हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।

## विरार मनवेल पाडा में 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर



**विरार।** वसई विरार शहर नगर निगम द्वारा हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे के अस्पताल मनवेल पाड़ा, विरार में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया तथा कैंसर वाहन उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर तथा स्तन कैंसर विशेषज्ञ तथा उनकी टीम उपस्थित थी। इस अवसर पर वसई विरार जिल्हा अध्यक्ष प्रह्या पाटील के साथ श्रीमती कंचन झा , नारायण मांजरेकर , सकीना नूरानी , संध्या दुबे तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित मौजूद रहे।

## नायगांव भाजपा में लोगों का पार्टी प्रवेश



**वसई रोड।** आज राजीवली नायगांव में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर तथा महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की विकसित महाराष्ट्र वसई विरार संकल्पना में विश्वास रखते हुए आज नितिन भोईर के माध्यम से बड़ी संख्या में बहुजन विकास अघाड़ी की महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तथा यू.बी.ए.था शिवसेना की महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं। इस पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शिवसेना यू.भा. तीसरे समूह के अशोक साठे, संदीप सातवान, उमेश कोर्डा, विनोद सरोज, संजय तबाली, सतीश कोर्डा, राहुल सातवान और महिला पदाधिकारी रजनी गौड़, पुष्पा सिंह, प्रतिमा विश्वकर्मा, सुमन जयसवाल, मोनिका ऐलावत, मुन्नी देवी दुबे, गंगा भुल्ल, पूजा जयसवाल, राधिका कनोजिया और बहुजन विकास अघाड़ी के विलास कोर्डा, जयेश कोर्डा, सनी सिंह, पवन चव्हाण, मयूर कोर्डा, कैलास माली और महिला कार्यकर्ता विशाखा कोर्डा, सोनाली कोराड, संजीवनी मोरे, सुजाता साहू, दीपिका धावरे, ज्योति जाधव, शिला यादव, राजेश्वरी मौर्य, रत्ना भुल्ल, निर्जला नांगले सभी भाजपा में शामिल हुईं। इस समय वसई विरार जिल्हा अध्यक्ष प्रह्या पाटील के साथ नितिन भोईर , दत्तात्रेय पाटिल , मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे , धरेंद्र कुलकर्णी, अभिषेक कुमार , जयेश पाटिल एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंडिया हेल्थ 2025 फिर लौटा, स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव को देगा रफ्तार

**मुंबई।** अपनी शानदार शुरूआत के बाद, इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया 11 से 13 जुलाई 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया हेल्थ प्रदर्शनी का दूसरा संस्करण आयोजित करने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर में नए आविष्कारों और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, इंडिया हेल्थ 2025 स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक मंच पर लाएगा, जिसे संपर्क बनाने, व्यवसाय बढ़ाने और ज्ञान साझा करने के लिए तैयार किया गया है।

यह आयोजन विश्व प्रसिद्ध हल्थ-दुबई (पहले अरब हेल्थ) की विरासत से शुरू हुआ है और तेजी से भारत का प्रमुख हेल्थकेयर प्रदर्शनी और सम्मेलन मंच बन रहा है। भारत का हेल्थकेयर क्षेत्र 2027 तक 18.5 बिलियन रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में, यह शो उद्योग की समावेशी, तकनीक आधारित और बड़े पैमाने पर हेल्थकेयर समाधानों की जरूरतों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। कार्यक्रम से पहले, इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा, इंडिया हेल्थ प्रदर्शनी हमेशा से एक ऐसा सार्थक मंच बनाना चाहता है, जहां भारत के हेल्थकेयर लीडर, इनोवेटर और नीति निमार्ता सहयोग और भविष्य का साथ मिलकर निर्माण कर सकें। 2025 में, हम नए फीचर्स, बेहतर सामग्री और मजबूत साझेदारियों के साथ इस अनुभव को और बेहतर बना रहे हैं। भारत का हेल्थकेयर उद्योग 2030 तक 638 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो बढ़ती मांग, डिजिटल अपनाने और मजबूत नीतिगत सुधारों से प्रेरित है। मेडटेक क्षेत्र अकेले पीएलआई योजनाओं और बेहतरीन आरएंडडी के समर्थन से 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हल्थ-दुबई से प्रेरित इंडिया हेल्थ इस विकास के लिए एक सही समय पर जवाब है, जो अंतरराष्ट्रीय ज्ञान को स्थानीय लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। अब समय एक ऐसे मंच का है जो सिर्फ प्रदर्शन तक सीमित न रहे, बल्कि सक्रिय रूप से बातचीत, नीतियों और वास्तविक दुनिया में प्रभाव को आकार दे।

## हिंदी अकादमी मुंबई का 10वां राष्ट्रीय साहित्यिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह 31 अगस्त को

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हिंदी अकादमी, मुंबई द्वारा 10वां राष्ट्रीय साहित्यिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह मुंबई महानगर में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। यह समारोह रविवार, 31 अगस्त 2025 को दोपहर 1:30 बजे से 4:00 बजे तक राम मंदिर ट्रस्ट, सरस्वती बाग, शिवाजी नगर, जोगेश्वरी (पूर्व), मुंबई में संपन्न होगा।




इस अवसर पर साहित्यिक परिचर्चा, कवि सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित साहित्यकारों की उपस्थिति अपेक्षित है। इस विशेष अवसर पर सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार श्री प्रेम जनमेजय, वरिष्ठ गजलकार देवमणि पांडेय, तथा वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. विश्वासराव जाधवर को जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनकी दीर्घकालीन साहित्य सेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त साहित्य साधना सम्मान श्रीमती सीमा त्रिवेदी, बिट्टू जैन, श्रीमती अन्नपूर्णा गुप्ता एवं श्रीमती निक्की शर्मा को उनके साहित्यिक योगदान हेतु प्रदान किया जाएगा। हिंदी अकादमी, मुंबई के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पांडेय ने बताया कि हिंदी अकादमी, मुंबई विगत कई वर्षों से साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय संस्था है, जिसने अब तक 6 अंतरराष्ट्रीय तथा 9 राष्ट्रीय साहित्यिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने ब्रिटिश पार्लियामेंट (लंदन), सिडनी पार्लियामेंट (ऑस्ट्रेलिया), नेहरू सेंटर - भारतीय उच्चायोग (लंदन), भारतीय कौसुलावास (बर्मिंघम), तथा भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) जैसे प्रतिष्ठित स्थलों पर साहित्यिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने राजभवन मुंबई, राजभवन उत्तर प्रदेश, मुंबई प्रेस क्लब आदि विशिष्ट स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर हिंदी भाषा और साहित्य को सशक्त मंच प्रदान किया है। संस्था की साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में सतत सक्रियता और प्रतिबद्धता को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, लंदन के सांसद वीरेंद्र शर्मा, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जैसे अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय गणमान्यजनों द्वारा हिंदी अकादमी, मुंबई को प्रशंसा-पत्र प्राप्त हो चुके हैं। मुंबई महानगर में आयोजित होने वाला यह दसवां राष्ट्रीय कार्यक्रम हिंदी भाषा एवं साहित्य प्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा तथा साहित्यिक समाज में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा।

## पंजाब नैशनल बैंक ने बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले शुल्क किए समाप्त

**मुंबई।** वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने और ग्राहकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने सभी बचत खातों में न्यूनतम औसत बैलेंस न रखने पर लगाए जाने वाले सभी शुल्कों को पूर्णतः समाप्त कर दिया है। यह ग्राहक-केन्द्रित निर्णय, 1 जुलाई 2025 से प्रभावी है, जो विशेष रूप से महिलाओं, किसानों तथा कम आय वर्ग के खाताधारकों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि बैंकिंग सेवाओं को अधिक सरल, सुलभ और समावेशी बनाया जा सके। इस पहल से खाताधारकों पर न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने का आर्थिक दबाव समाप्त होगा।

इस अवसर पर अशोक चंद्र, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पीएनबी ने कहाः यह निर्णय समावेशी बैंकिंग के प्रति पीएनबी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा विश्वास है कि इस शुल्क की समाप्ति से ग्राहकों का वित्तीय भार कम होगा और अधिक से अधिक लोग औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़ सकेंगे।

इस पहल के माध्यम से पीएनबी ने एक बार फिर यह दर्शाया है कि वह एक सामाजिक रूप से उत्तरदायी एवं ग्राहक-केंद्रित बैंक है, जो देश के हर वर्ग तक सहज, समान और सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## मुहर्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर बुधवार को अनुमंडल के सभागार में एडीओ अनीता सिन्हा व एडीपीओ राकेश कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई । एसडीओ एसडीपीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ ,थानाध्यक्षों को आपने- अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने के लिए आम जनता के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में मुहर्रम कमेटी के कई सदस्य समेत दोनों समुदाय के गणमान्य उपस्थित थे। एसडीओ, एसडीपीओ ने जुलूस में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने का निर्देश दिया । शहर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने की जिम्मेवारी नगर पंचायत को दी गई . मुहर्रम जुलूस में डीजे की जगह लाउड स्पीकर बजने की सलाह दी गई । बैनर-पोस्टर के साथ दूसरे देशों का झंडा लगाना भी गैरकानूनी है। एसडीपीओ ने कमेटी के लोगों से जुलूस के साथ प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने का आग्रह किया. वहीं एसडीपीओ ने शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ राकेश रंजन ने असमाजिक तत्वों, हुड़दंग मचाने वालों एवं अफवाह फैलाने वाले लोगों से बचने एवं इसकी सूचना अधिकारियों को देने का आग्रह किया। बैठक में डीसीएलआर आनंद कुमार, अमन ,दारौंदा बीडीओ सूरज कुमार सैंगर, महाराजगंज को जितेंद्र पासवान, ईओ हरिश्चंद्र, बिजली विभाग के एसडीओ दिलीप कुमार, , बसंतपुर ,के ईओ,बीडीओ, सीओ, लकड़ी नवीगंज के थाना प्रभारी राकेश कुमार, दारौंदा ,गोरेयाकोठी, भगवानपुर के बीडीओ, सीओ ऑफिस के अधिकारी मौजूद थे। वहीं महाराजगंज थाना परिसर में अपराह्न 4:30 बजे बैठक की गई। एसडीपीओ राकेश रंजन ,सर्किल इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार ,थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने मुहर्रम के दौरान प्रशासनिक गाइड लाइन का पालन करने का आग्रह कमेटी सदस्यों से किया। थाना अध्यक्ष ने असामाजिक अफवाह से बचने के लिए सलाह दिया । निर्धारित रूट से ताजिया ले जाने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शक्तिशरण ने मुहर्रम के दौरान राजनीति का शिकार होने से परहेज करने का सुझाव दिया। वहीं लोगों ने सरकार के गाइडलाइन के अनुसार मुहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया। मौके पर अभय कुमार सिंह, मुस्लिम मियां। कांग्रेसी के प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, मोहन कुमार पद्माकर,कम्युनिस्ट के दयाशंकर द्विवेदी, ई अशोक कुमार लुप्त, रामबाबू प्रसाद, नगर के मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, बालियां के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना माझी,सरपंच मेराज,नईम मियां, अहमदआदि गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा डॉक्टर दिवस पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



**फाफामऊ (प्रयागराज)।** डॉक्टर केवल इलाज करने वाले नहीं, बल्कि जीवन देने वाले होते हैं। उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को सलाम करते हुए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, गंगापार इकाई द्वारा मंगलवार को फाफामऊ-थरवई क्षेत्र में डॉक्टर दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र पडिला के डीआईजी मेडिकल डॉ. विनय कुमार अग्रवाल को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की शुरूआत की गईं उन्हें संगठन के वरिष्ठ पत्रकारों ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के वरिष्ठ पत्रकारों की विशेष उपस्थिति रही। सम्मान वितरण में प्रमुख रूप से राजन तिवारी, आर.डी. वर्मा, सज्जन द्विवेदी, रामकुमार प्रजापति, अश्वनी मिश्रा, मोहम्मद सलमान, सुशील मोदनवाल, बिंदु गुप्ता, के.के. यादव और कृष्ण मोहन मौर्य मौजमद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकारों ने संयुक्त रूप से किया।

## इंद्रिया ने पेश किया आसमानियत हीरो से जड़ा एक खास ज्वेलरी कलेक्शन

**मुंबई।** आदित्य बिरला ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड इंद्रिया ने आसमानियतङ नाम से हीरों से जड़ा एक खास कलेक्शन लॉन्च किया है, जो आकाश की खूबसूरती और उसकी असीम व्यापकता से प्रेरित है। इस संग्रह का हर आभूषण बारीकी से रचा गया है और उसमें आकाश की रहस्यमयी चमक को हीरों के जरिए जीवंत किया गया है। यह डिजाइन किए गए गहने आपके कलेक्शन में खास जगह बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। आसमानियत में हार, झुमके, अंगूठियाँ और चूड़ियाँ शामिल हैं—हर एक डिजाइन को प्रेम और बारीकी के साथ इस तरह तैयार किया गया है कि वह इंद्रिया डायमंड्स की अद्भुत चमक को उजागर करता है। इस कलेक्शन में ट्विलाइट ब्लूज से लेकर ऑरोरा ग्रीन्स जैसे रंगों के रंगीन रत्न भी




शामिल हैं, जो रात के आकाश की झलक को दशार्ते हैं। भारतीय पारंपरिक कारीगरी साथ आधुनिक डिजाइन को मिलाकर तैयार किए गए ये गहने पारंपरिक पोशाकों से लेकर वेस्टर्न ड्रेस पर भी बेहद खूबसूरत लगते हैं, और हर खास मौके के लिए उपयुक्त हैं। इंद्रिया के मार्केटिंग हेड शांतिस्वरूप पांडा ने कहा, आसमानियत के साथ हम आकाश की अलौकिक सुंदरता से प्रेरित एक नई यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। हर आभूषण आधुनिक महिला की खूबसूरती की झलक दिखाता है, साथ ही गहनों के प्रति उसके गहरे प्रेम को भी व्यक्त करता है। इंद्रिया के प्रोडक्ट डिजाइन, रिसर्च और डेवलपमेंट हेड अभिषेक रस्तोगी ने कहा, आसमानियत साधारण सोच से परे जाने का साहस करता है, जहां बारीकी से तैयार किया गया गहना ब्रह्मांड के अद्भुत रहस्यों से मिलता है।

## वसई-विरार शहर के लिए राजन नाईक ने विधानसभा की मांग



**विरार।** वसई-विरार शहर में लगातार बिजली की कटौती हो रही है, जिसके कारण शहर में पानी की आपूर्ति अनियमित हो रही है, और विधायक राजन नाईक ने आज विधानसभा में जल शोधन संयंत्रों पर स्थायी जनरेटर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, ऊर्जा राज्य मंत्री, मेघना बोर्डिकर ने आश्वासन दिया कि इस सुझाव पर विचार करने के बाद विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। वसई-विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में नवनिर्मित आवास परिसरों को देखते हुए, पानी की आवश्यकता बढ़ने लगी है। मानसून के दौरान अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण जल शोधन संयंत्रों में तकनीकी खराबी के कारण, शहर में कम दबाव और अनियमित पानी की आपूर्ति होती है। इसके कारण नागरिकों को बड़ी मात्रा में पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। एमएमआरडीए जल आपूर्ति योजना में कावड़ास पंपिंग स्टेशन और सूर्यनगर जल शोधन केंद्र को महावितरण के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इस क्षेत्र में भारी बारिश के साथ-साथ तूफान आने के कारण बिजली के तारों पर पेड़ की टहनियां गिरने से योजना की जलापूर्ति अक्सर बाधित होती है। इसके चलते राजन नायक ने मांग की है कि प्रशासन को स्थायी समाधान के तौर पर यहां जनरेटर लगाना चाहिए।

### वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे पर अपनी त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

**पटना(उत्तरशक्ति)।** वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं है, जो इस बात पर जोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक पोषण पर भी निर्भर है। इस मौके पर विशेषज्ञों और सेलिब्रिटीज ने त्वचा को भीतर से पोषण देने के लिए कैलिफोर्निया आमंड्स को डाइट में शामिल करने की सलाह दी है। कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डाइटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार, आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन और फिटनेस एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला जैसे विशेषज्ञों का मानना है कि विटामिन ई, हेल्दी फैट्स और प्रोटीन से भरपूर बादाम त्वचा को झुर्रियों, पिग्मेंटेशन और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं।

## नवीन, व्यावसायिक रूप से सक्षम और दूरदर्शी खेल नीति की घोषणा की जाए: गोपाल शेट्टी



**बोरीवली, मुंबई।** उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने महाराष्ट्र के क्रीड़ा मंत्री दत्तात्रय भरणे को पत्र लिखकर मांग की है कि राज्य सरकार की ओर से एक नवीन,व्यावसायिक रूप से सक्षम और दूरदर्शी खेल नीति की घोषणा की जाए। पत्र में जनसेवक गोपाल शेट्टी ने उल्लेख किया है कि भारत सरकार द्वारा नियोजनबद्ध और अधिक प्रभावी खेल नीति को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के शुभहस्त से राष्ट्रीय खेल नीति की घोषणा की गई है। इस नीति से देश के खेल क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी और इसका सकारात्मक परिणाम सभी राज्यों पर होगा। जनसेवक शेट्टी ने लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभालने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में आमूल-चूल परिवर्तन किए हैं और उनकी प्रभावी अमलबजावणी भी की है। इस दृष्टि से पिछले ग्यारह वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर कई सफल कदम उठाए हैं। विशेष रूप से, 'खेलो इंडिया' के माध्यम से देश के लाखों खिलाड़ियों को विशेष अवसर प्राप्त हुआ है। उनके योगदान से पिछले ओलंपिक में भारत ने 106 से अधिक पदक जीते हैं। इस सफलता के पीछे केंद्र और राज्य सरकार की प्रभावी खेल नीति की पृष्ठभूमि है। इसी क्रम में जनसेवक शेट्टी ने आगे उल्लेख किया है कि महाराष्ट्र राज्य देश का एक महत्वपूर्ण खेल मूल्यों वाला राज्य है। विभिन्न खेलों के माध्यम से महाराष्ट्र ने देश को कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। विशेष रूप से, महिला क्रिकेट में उनका योगदान, वर्तमान पीढ़ी के लिए उत्साह, प्रेरणादायक और गर्व का क्षण है।खेल के माध्यम से आर्थिक रूप से भी राज्य को बड़ा लाभ हो सकता है। वित्तीय समावेशन की दृष्टि से भी खेल क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसलिए, महाराष्ट्र राज्य को भी एक नवीन, व्यावसायिक रूप से सक्षम और दूरदर्शी खेल नीति की घोषणा करना समय की मांग है। जनसेवक शेट्टी ने पत्र में आगे कहा है कि यह उल्लेख करना भी आवश्यक लगता है कि कुछ अधिकारियों द्वारा खेल क्षेत्र में अनावश्यक अड़चनें पैदा की जा रही हैं। हाल ही में, सिडको के एक अधिकारी ने फुटबॉल टर्फ के संदर्भ में नोटिस जारी की थी। यह मामला पूरे खेल तंत्र पर दबाव डालने वाला और अनावश्यक भय पैदा करने वाला है। यह नोटिस मैं आपकी जानकारी के लिए फिर से प्रस्तुत कर रहा हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसी मनमानी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और राज्य में सकारात्मक खेल वातावरण बनाने के लिए कदम उठाए जाएं।

## आजमगढ़ में पुलिस को बड़ी सफलता ,साइबर ठगी के पांच शातिर अपराधि गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बुधवार को अंतरराज्यीय साइबर ठगी के पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 33 मोबाइल फोन, 14 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एक हुंडई वरना कार, तीन बैंक चेक और 3750 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस को मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग साइबर ठगी के जरिए खरीदे गए नए मोबाइल फोन सस्ते दामों में बेच रहे हैं। इस सूचना के आधार पर दो टीमें गठित की गईं। पहली टीम ने जनपद में भ्रमण करते हुए सुरागरसी शुरू की, जबकि दूसरी टीम जनपद के बाहर सक्रिय रही। उपनिरीक्षक रामकिशोर शर्मा को सूचना मिली कि कुछ लोग प्राइवेट बस अड्डे पर सस्ते दामों में मोबाइल बेचने की फिराक में हैं।



इसके आधार पर अंजेश सरोज (19, मऊ), आदित्य सिंह (18, आजमगढ़), और दीपक (19, मऊ) को 1 जुलाई को रात 8:45 बजे हिरासत में लिया गया। इनके पास से सात मोबाइल (दो नए, पांच पुराने), सात क्रेडिट/डेबिट कार्ड, तीन बैंक चेक और 2500 रुपये बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक साथी दिल्ली में क्रेडिट कार्ड डिटेल्स हासिल करने गया है। इस सूचना पर दूसरी टीम ने उपनिरीक्षक सौरभ त्रिपाठी और हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में दिल्ली में नायाब अनवर (25, पटना) और संयम जैन (32, दिल्ली) को गिरफ्तार किया। इनके पास से 26 मोबाइल (23 नए, तीन पुराने), सात क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एक हुंडई वरना कार और 1250 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। वे खुद को क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते और कार्ड रिन्यूअल, लिमिट बढ़ाने या रिवार्ड पॉइंट्स के नाम पर धोखे से कार्ड डिटेल्स और ओटीपी हासिल करते। इसके बाद दुकानों से नए मोबाइल खरीदकर सस्ते दामों में बेचकर मुनाफा कमाते थे।













# इंस्पेक्टर कैंट शिवाकांत मिश्रा ने भारी फोर्स के साथ निकाली पैदल गश्त



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों पर लगाम कसने के लिए कैंट थाना पुलिस सक्रिय मोड में है। सोमवार को इंस्पेक्टर कैंट शिवाकांत मिश्रा ने सभी चौकी प्रभारियों व भारी फोर्स के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त की।पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम नदेसर इलाके में पहुँची, जहां सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही दुकानदारों और राहगीरों को कड़ी हिदायत दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने या यातायात बाधित करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई।पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर विश्वास भी बढ़ा।

# खुटहन पुलिस द्वारा चोरी किए गये माल की बरामदगी के साथ 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

खुटहन, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना खुटहन पुलिस टींम द्वारा चोरी से सम्बन्धित अभियोग का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए विभिन्न मुकदमों में चोरी गये सामानों के साथ 05 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।थाना खुटहन पुलिस द्वारा चोरी गये माल की सकुशल बरामदगी करते हुये आरोपीगण,हनी गौतम पुत्र स्व0 राजेश गौतम उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सुइथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2. रूबेश गौतम पुत्र राजेन्द्र गौतम उम्र 20 वर्ष निवासी सुइथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर 3. रोहित पुत्र विकाश कुमार निवासी सुइथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष 4. राजन कुमार गौतम पुत्र राम प्रताप गौतम निवासी सुइथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष 5. शुभम कुमार पुत्र दीपचन्द्र गौतम उम्र 20 वर्ष निवासी सुइथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक-30.06.2025 को



वादी मुकदमा श्री बाबू राम पुत्र पुर्णमासी निवासी नगवाँ थाना खुटहन जनपद जौनपुर द्वारा हैण्डपम्प व टुल्लू मोटर को अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लेने के सम्बन्ध में दी तहरीर पर मु0अ0सं0 173/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत हुआ था। दिनांक 30.06.2025 को वादी अभिषेक कुमार पुत्र स्वः भरत राज ग्राम सुईथाखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर के द्वारा हैण्डपम्प चोरी के सम्बन्ध में दी तहरीर पर मु0अ0सं0- 174/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना खुटहन जनपद जौनपुर बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत हुआ।दिनांक 23.05.2025 को वादी भगवान प्रसाद यादव ग्राम प्रधान मेढ़ा थाना खुटहन जनपद जौनपुर के द्वारा डीह बाबा गोला दैत्य मन्दिर से घंटा चुरा लेने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर पर मु0अ0सं0 140/2025 धारा 305 बीएनएस थाना खुटहन जनपद जौनपुर बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत हुआ था।

गिरफ्तारी का विवरण उपरोक्त घटनाओं के अनावरण हेतु जारी प्रयास के क्रम में उ0नि0 महेन्द्र यादव, उ0नि0 बच्चूलाल मय हमराह को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश भटपुरा मोड़ के पास कमरे के पीछे सुइथाखुर्द व गोंसाईपुर में हुई चोरी का सामान व अन्य चोरी का सामान रखे है एवं उनको बेचने के लिये ले जाने वाले है, प्राप्त सूचना पर पुलिस की 02 टीम बनाकर उ0नि0 बच्चूलाल मय हमराहियों के तथा उ0नि0 महेन्द्र यादव मय हमराहियों दबिश देकर बदमाशो को पकड़ लिया गया।

# मुलुंड प. में नव निर्मित अग्रवाल हॉस्पिटल को तत्काल खोलने की मांग



मुंबई। मुलुंड प. स्थित बृहन्मुम्बई मनपा द्वारा संचालित सबसे पुराना हॉस्पिटल एम. टी. अग्रवाल हॉस्पिटल 8-10 वर्षो की तपस्या के पश्चात कई करोड़ रुपयों की लागत से बन कर तैयार है। इसका विधिवत उद्घाटन कई महीनों से प्रलंबित है। इसके उदघाटन न होने की वजह से मुलुंड, भांडुप, वागले एस्टेट के नागरिकों को बड़ी समस्या हो रही है। उन्हें छोटे छोटे हेल्थ प्रॉब्लम के लिए सायन, राजावाड़ी, के. ई. एम. हॉस्पिटल जाना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या महिलाओं एवं बच्चों को हो रही है। इस समय बरसात का मौसम है। मलेरिया, कोविड, डेंगू, लैपटॉ, टाइफाइड, गैस्ट्रो का जबरदस्त प्रादुर्भाव हो रहा है। सभी लोग, विशेषतः स्लम एवं चालियों में रहने वाले इन बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। ज्यादातर बच्चे महिलाएं उपरोक्त बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। सभी को यहाँ के मनपा हॉस्पिटल के डॉक्टर सायन राजा वाड़ी हॉस्पिटल भेज रहे हैं। युवा ब्रिगेड असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह ने पत्र लिख कर भूषण गगरानी (आयुक्त मुंबई मनपा), स्थानीय सांसद संजय दीना पाटील, स्थानीय सांसद मनोज कोटक, स्थानीय विधायक मिहिर कोटेचा, अशोक पाटील, (विधायक भांडुप), राकेश शेट्टी (प्रवक्ता महाराष्ट्र कांग्रेस), सहायक आयुक्त टी वार्ड से अनुरोध है कि तत्काल प्रभाव से इस नये बने हुए एम टी अग्रवाल मनपा हॉस्पिटल का उद्घाटन कर शुरू करवाये और मुलुंड भांडुप के नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या को दूर करें।

# प्राथमिक विद्यालय विलय के विरोध में बढ़ा जनसमर्थन

## 0- दीवानी बार एसोसिएशन भी 'मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी' मुहिम के साथ

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले में प्रस्तावित प्राथमिक विद्यालय विलय के खिलाफ चल रही जनजागरण मुहिम को अब विधिक समुदाय का भी साथ मिलने लगा है। सामाजिक चेतना की मशाल थामे 'मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी' टीम ने मंगलवार को जौनपुर दीवानी बार एसोसिएशन का दरवाजा खटखटाया और इस जनहित के मुद्दे पर समर्थन मांगा।टीम के संयोजक प्रदीप मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव और महामंत्री रण बहादुर यादव को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान टीम ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों का एकतरफा विलय ग्रामीण शिक्षा की रीढ़ तोड़ने जैसा कदम है, जिससे न केवल छात्रों की पढ़ाई बाधित होगी, बल्कि गांवों की शैक्षणिक पहचान भी खतरे में पड़ जाएगी।प्रदीप मिश्र ने विस्तार से समझाया कि कैसे यह फैसला विद्यार्थियों के लिए लंबी दूरी की बाधा, संसाधनों की कमी और शिक्षा के अवसरों में असमानता का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि गांवों में शिक्षा केवल पढ़ाई नहीं, सामाजिक समरसता और जागरूकता की नींव है।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव और महामंत्री रण बहादुर यादव ने 'मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी' टीम की बातों को गंभीरता से सुना और साफ कहा कि यह मुद्दा केवल ग्रामीणों का नहीं, पूरे समाज का है। उन्होंने इस जन आंदोलन को बार एसोसिएशन की ओर से पूर्ण नैतिक समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो अधिवक्ता सड़क पर उतरकर भी ग्रामीण शिक्षा के पक्ष में आवाज बुलंद करेंगे।इस निर्णायक मुलाकात में टीम के प्रमुख सदस्य शिव भुवन सिंह एडवोकेट, रतन मिश्र एडवोकेट, कमलेन्द्र यादव एडवोकेट, अनुराग मणि त्रिपाठी एडवोकेट और हिंच नयन तिवारी भी मौजूद रहे।

यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि प्राथमिक विद्यालयों के विलय का विरोध अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और सामाजिक संगठनों से लेकर कानूनी मंचों तक इसे व्यापक समर्थन मिल रहा है। आने वाले दिनों में यह मुहिम और तेजी पकड़ने वाली है।

# होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 में बेचे 4,29,147 यूनिट्स

मुंबई। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। कंपनी ने इस महीने कुल 4,29,147 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 3,88,812 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 40,335 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। अगर अप्रैल से जून 2025 की बात करें, तो HMSI की कुल बिक्री 13,75,120 यूनिट्स रही, जिसमें 12,28,961 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,46,159 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। रोड सेफ्टी इनिशिएटिव्सः ल्टरकने भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 12 शहरों में जागरूकता अभियान चलाए, जिनमें शामिल हैं -जामनगर (गुजरात), सतना (मध्य प्रदेश), कोटा (राजस्थान), संगमनेर और रत्नागिरी (महाराष्ट्र), कन्याकुमारी (तमिलनाडु), गोकरना (कर्नाटक), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), भवानीपटना (ओडिशा), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) और गुरुग्राम (हरियाणा)। इसके अलावा, भुवनेश्वर में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 11वीं और तिरुचिरापल्ली में 6वीं वर्षगांठ मनाई गई। HMSI ने दिल्ली ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में समर कैंप का आयोजन भी किया, जिसमें बच्चों को सुरक्षित ड्राइविंग, रोड सेफ्टी गेम्स और साइक्लिंग अभ्यास जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। होंडा इंडिया फाउंडेशन ने गुरुग्राम के नौरंगपुर स्थित ₹होंडा सामाजिक विकास केंद्र₹ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। 200 से अधिक स्थानीय निवासियों ने योग सत्रों में भाग लेकर स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण का संदेश दिया।

# प्रति घंटे 10 सेंमी की रफ्तार से बढ़ रहा गंगा जलस्तर, 62 .28 मीटर पर पहुंचीं



-सुरेश गांधी

वाराणसी। देश के पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बारिश का असर अब वाराणसी में भी दिखाई देने लगा है। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और प्रति घंटे 1 सेंटीमीटर की रफ्तार से गंगा उफान पर हैं। बुधवार सुबह वाराणसी में गंगा का जलस्तर 62.28 मीटर रिकॉर्ड किया गया। दशाश्वमेध घाट की 15 सीढ़ियां डूब चुकी हैं और गंगा आरती स्थल के समीप जलधारा पहुंच गई है। प्रशासन और जल पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। यदि इसी गति से जलस्तर बढ़ता रहा तो गंगा आरती स्थल को बदलना पड़ सकता है। गंगा का चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर और खतरे का बिंदु 71.26 मीटर है। हालांकि वर्तमान में जलस्तर चेतावनी बिंदु से लगभग 8 मीटर नीचे है लेकिन प्रशासन ने एहतियातन तटवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। अस्सी घाट, सामनेघाट, भदैनी, जानकी, केदार, पंचगंगा, ललिता घाट, मान सिंह और दरभंगा घाटों की सीढ़ियों तक पानी पहुंच चुका है। अस्सी और सामनेघाट के सामने रेत के टीले का दो-तिहाई हिस्सा गंगा में समा चुका है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, बुधवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 62.28 मीटर दर्ज किया गया, जो सोमवार सुबह तक 59.32 मीटर था। हालांकि, अभी गंगा चेतावनी बिंदु से 8.31 मीटर नीचे बह रही है लेकिन जिस तेजी से पानी बढ़ रहा है, प्रशासन ने स्थिति को गंभीर मानते हुए घाटों और बाढ़ संभावित इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। गर्मी के दौरान जहां गंगा में रेत के बड़े-बड़े टीले नजर आते थे, वहीं मानसून के आगमन के बाद हालात तेजी से बदल रहे हैं। पिछले चार दिनों से लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रति घंटे 1 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। जल पुलिस ने स्नानार्थियों और नाविकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नाविकों को हिदायतः क्षमता से आधे यात्रियों को ही नाव में बैठाएं, नाव के अगले हिस्से में किसी को न बैठाएं। स्नान करने वालों से अपीलः बच्चों का हाथ पकड़ कर स्नान करें, जलधारा में गहराई तक न जाएं। घाट किनारे दुकान लगाने वालों और निचले इलाकों के निवासियों से सतर्क रहने को कहा गया है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि के बाद घाट किनारे रहने वाले लोगों और नाविकों ने अपने सामानों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। प्रशासन ने घाटों और तटवर्ती इलाकों में एनडीआरएफ, जल पुलिस और नगर निगम की टीमों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। जल पुलिस गंगा किनारे लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और नाविकों से भीड़भाड़ न करने की अपील कर रही है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत के काशी क्षेत्र की बैठक हुई संपन्न



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वाराणसी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत के काशी क्षेत्र की बैठक महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष डी ए वी पी जी डिग्री कालेज के संकट मोचन साकेत नगर कॉलोनी में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वाराणसी जिला अध्यक्ष पद पर रोशन श्रीवास्तव पूर्व छात्र नेता को मनोनीत करने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में देशभर में संगठन कायस्थ हित में कार्य कर रही हैं और करती रहेंगी। महासभा की सदस्यता निशुल्क है कायस्थ समाज को कायस्थ से जोड़ने के लिए सदस्यता शुल्क की क्या जरूरत है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष डी ए वी पी जी डिग्री कालेज काशी ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा और जल्दी में काशी टीम का शपथ ग्रहण समारोह एवं पूर्वांचल कायस्थ सम्मेलन वाराणसी में होगा जिसमें पूर्व सांसद आर के सिन्हा बाबूजी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव सहित देशभर के कायस्थ नेता मंत्री अधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने कहा कि कायस्थ समाज ने देश को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक मुख्यमंत्री दिए पर आज कायस्थ समाज राजनीतिक हाशिए पर है। समाज के उत्थान के लिए समाज को राजनीति में सक्रिय होना होगा। प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश दिनेश चन्द श्रीवास्तव दिन्नू भईया ने कहा कि कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के हर जिले में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और लालबहादुर शास्त्री , मुंशी प्रेमचंद ,डॉ संपूर्णानंद के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज हित में कार्य करता रहेगा। वाराणसी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रोशन श्रीवास्तव ने कहा कि काशी में हर गली मुहल्ले में समाज को जोड़ते हुए संगठन का गठन किया जाएगा। बैठक में पंकज श्रीवास्तव,संजय श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव,आदि चित्रांश मौजूद रहे।

# जनरल सर्जन डा. मूलचंद पटेल सीएचसी बदलापुर में संभाला कार्यभार



बदलापुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शासन ने सीएचसी बदलापुर में सर्जन पद पर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निष्ठित भाव से ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। यह बातें सीएचसी बदलापुर में सर्जन के पद कार्य भार ग्रहण करने के दौरान मंगलवार को डॉ मूलचंद ने कही। मूलतः सुजानगंज थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव निवासी डॉ.मूलचंद पटेल बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में कुशाग्र थे। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। मुंगराबादशाहपुर के सर्वोदय इन्टर कालेज से बीएससी करने के बाद वह कानपुर से नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली से एमबीबीएस करने के बाद वहीं से एम एस भी किया। बदलापुर में जनरल सर्जन के पद पर डॉ मूलचंद पटेल की पहली पोस्टिंग है। सर्जन पद पर बदलापुर में नियुक्ति होने से क्षेत्रीय लोगों को अब भारी राहत मिलेगी।

# जौनपुर के युवा वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष मौर्य की अमेरिका के प्रतिष्ठित हीरसिंक स्कूल ऑफ मेडिसिन में नियुक्ति



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के लखनपुर गांव के निवासी डॉ. आशुतोष कुमार मौर्य ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल कर जनपद का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर गौरवपूर्वक अंकित किया है।उन्हें अमेरिका के प्रतिष्ठित हीरसिंक स्कूल ऑफ मेडिसिन, यूनिवर्सिटी ऑफ अलबामा, बर्मिंघम में पोस्टडॉक्टोरल रिसर्चर के रूप में नियुक्त किया गया है।

डॉ. आशुतोष, डॉ. लालजी मौर्य एवं श्रीमती मान्ती मौर्य के सुपुत्र हैं। उनकी शिक्षा की नींव जौनपुर स्थित डॉ. रिजवी लर्नर्स अकादमी में पड़ी, जिसके बाद उन्होंने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय से जीनोमिक विज्ञान में एम.एससी. किया। जहाँ वे विश्वविद्यालय के शीर्ष 5 छात्रों में शामिल रहे।उन्होंने पीएचडी केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग से कैंसर बायोलॉजी विषय में पूर्ण की, जिसमें उनका शोध लीवर कैंसर पर केंद्रित था।

# करछना, प्रयागराज भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का सरकार के इशारे पर उत्पीड़न: रिहाई मंच

## * योगी सरकार में पीड़ित परिवार से न मिलने देने का कैसा कानून

## * करछना थाने में दलित युवकों को कान पकड़वाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत हो कार्रवाई

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। 2 जुलाई 2025 रिहाई मंच और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेताओं ने करछना प्रयागराज में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं के उत्पीड़न की कठोर निंदा करते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

रिहाई मंच अध्यक्ष मोहम्मद शोएब ने कहा कि पिछड़े समाज की 8 वर्षीय बेटी के साथ बलात्कार और दलित युवक को जिंदा जला देने की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को रोक कर पुलिस ने सुनियोजित तरीके से मामले को भड़काया।सरकार बताए कि लॉ एंड ऑर्डर लागू करना किसका काम है क्योंकि यहाँ पुलिस पक्षपाती भूमिका में दिख रही।इस मामले में पुलिस ने करछना थाने में आरोपियों से कान तक पकड़वाया. सरकार बताए कि यह किस कानून के तहत उसने यह करवाया और किसके आदेश पर क्या यह गैर कानूनी कर्रवाई दलित होने के नाते की गई।उन्होंने आगे यह कहा कि पुलिस कह रही है कि वीडियो के आधार पर वह कार्रवाई कर रही है। ऐसे में सरकार वायरल होते उन विडियो जिसमें गाड़ियों की तोड़फोड़ करते हुए पुलिस कर्मी दिख रहे हैं उनके खिलाफ क्या कर्रवाई की

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र नेता रहे डॉ आरपी गौतम ने कहा कि देश के किसी भी सांसद को किसी भी पीड़ित परिवार से न मिलने देना।देश की संसद का अपमान है। उन्होंने कहा कि करछना थाने में दलित नौजवानों का उत्पीड़न करती पुलिस का जो वीडियो वायरल है, सरकार और अनुसचित जाति/जन जाति आयोग तत्काल संज्ञान लेकर कर्रवाई करे। सजा देने के लिए न्याय पालिका है।सजा देने का काम पुलिस कैसे कर सकती है।रिहाई मंच महासचिव राजीव यादव ने कहा कि करछना के बताए जा रहे वायरल वीडियो में पुलिस कुछ लोगों के साथ गाड़ियों की तोड़फोड़ करती नजर आ रही है। इससे घटना में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठता है कि जिस पुलीस को कानून व्यवस्था कायम करना था वही तोड़फोड़ कर रही थी। उन्होंने कहा कि करछना में जिस तरह थाने में बैठाकर कान पकड़वाया गया क्या इटावा में अपने को ब्राह्मण कहकर कथा वाचक का अपमान करने वाले आरोपियों को भी कान पड़कर उठक बैठक करवाई गई,और क्या समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन पर हमला करने वाले करणी सेना के लोगों से कान पकड़वाकर माफी मंगवाई गई।

# डाक्टर्स व सी.ए. का लायंस क्लब रॉयल ने किया सम्मान



-सुशील कुमार गुप्ता

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर में डाक्टर्स और सी.ए. को डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा चिकित्सा के साथ ही समाज में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का एवं लेखाकर व वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सी.ए. का क्लब के अध्यक्ष संजीव साहू के नेतृत्व में माला अंगवस्त्रम, व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजीव साहू ने कहा भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री बी.सी.रॉयल के सम्मान में उनके जन्म और मृत्यु की तिथि एक जुलाई को डाक्टर्स डे मनाया जाता है क्लब चिकित्सा के साथ साथ समाज में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे चिकित्सकों का सम्मान कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा चिकित्सक धरती पर भगवान के रूप है।निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा जहां चिकित्सक अपनी सेवाओं द्वारा मरीजों को जीवनदान देते हैं वहीं चार्टर एकाउंटेंट (सी.ए.) भी अपने वित्तीय मार्गदर्शन, निष्ठा और विवेक से राष्ट्र के उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर क्लब द्वारा जहां चिकित्सा व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डा. चांद बागवान, डा.डी.सी.मौर्या, डा. ब्रिजेश कन्नौजिया, डा. श्रीमती रेनू मौर्या को उनके सेवा , समर्पण और मानवीय भावनाओं के लिए माल्यार्पण, अंगवस्त्रम,व प्रशस्ति पत्र देकर हार्दिक आभार प्रकट किया गया वहीं सी.ए.आदित्य साहू व सी.ए.मनीषा गुप्ता को भी वित्तीय क्षेत्र व समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मानित किए गए चिकित्सकों व सी.ए.ने कहा यह सम्मान हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारीयों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का अहसास कराता रहेगा।इस अवसर पर अभिताश गुप्ता, डा.विष्णु गौड़, राजेश किशोर श्रीवास्तव, रवि शर्मा,रसाल बरनवाल, आशीष गुप्ता, अजय सोनकर, राजेन्द्र स्वर्णकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी के प्रति धन्यवाद क्लब सचिव बालकृष्ण साहू ने व्यक्त किया।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 में बेचे 4,29,147 यूनिट्स

पटना। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। कंपनी ने इस महीने कुल 4,29,147 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 3,88,812 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 40,335 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। अगर अप्रैल से जून 2025 (वाईटीडी एफवाई'26) की बात करें, तो एचएमएसआई की कुल बिक्री 13,75,120 यूनिट्स रही, जिसमें 12,28,961 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,46,159 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। जून 2025 की प्रमुख झलकियां जिसमे शामिल है - रोड सेफ्टी इनिशिएटिव्स, सीएसआर, प्रोडक्ट अपडेट्स एवं मोटरस्पोर्ट्स।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विदाई व सम्मान समारोह मनाया गया



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यरत प्रधानाचार्य राजकुमार अपनी 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा सम्मान एवं विदाई समारोह भव्य तरीके से मनाया गया।प्रधानाचार्य अपने समय काल में सभी संचालित पाठ्यक्रम को सुसंगठित एवं सुव्यवस्थित तरीके से चलने हेतु अथक प्रयास निरंतर करते गए और अंततः किसी भी प्रकार की व्यवधानिक समस्या का निदान निकलाते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम की सत्र के अनुसार पठन-पाठन के लिए सभी अध्यापकों का मार्गदर्शन करते रहे। इस संबंध में विजय प्रकाश सिंह ने अपनी बात रखी जिसमें संस्था को शिखर पर पहुंचाने हेतु श्री राजकुमार की उपलब्धियों को संक्षिप्त में बताया तथा साथ ही प्रधानाचार्य को ₹लिटिल फाउंडेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट₹मोमेंटम भेंट करके गौरव का अनुभव किया। बताते चलें कि प्रधानाचार्य राजकुमार ने राजकीय पॉलीटेक्निक जनपद जौनपुर में लगभग 8 वर्ष की सेवा पूर्ण कर दिनांक-30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए। प्रधानाचार्य के जौनपुर से चले जाने का गम जौनपुर में स्थित सभी फामेर्सी कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण के चेहरे पर साफ-साफ नजर आया। इस अवसर पर संस्था का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

# किसानों का ऐलान- जेल भरेंगे लेकिन निजीकरण नहीं स्वीकारेंगे




वाराणसी। देशभर में बिजली के निजीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन के तहत बुधवार को बनारस के बिजलीकर्मियों ने भिखारीपुर स्थित प्रबंध निदेशक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर परिषद के पदाधिकारी भी शामिल हुए। किसानों ने ऐलान किया कि जिस दिन बिजलीकर्मी ‌जेल भरो आंदोलन‌ शुरू करेंगे, उसी दिन प्रदेश भर के किसान भी जेलों को भरना शुरू कर देंगे, लेकिन बिजली का निजीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन के दौरान बिजलीकर्मियों, किसानों, रेलवे कर्मचारियों, एलआईसी समेत विभिन्न संगठनों की यूनियनों ने घोषणा की कि वे 9 जुलाई को बिजली के निजीकरण के खिलाफ एक दिन की देशव्यापी हड़ताल करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अफलातून और किसान मजदूर परिषद के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि जैसे उड़ीसा में टाटा पावर के कार्यालय के बाहर किसानों ने अपने स्मार्ट मीटर उखाड़कर विरोध दर्ज कराया था, वैसे ही उत्तर प्रदेश के किसान भी निजीकरण के खिलाफ पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यदि निजीकरण का टेंडर निकला, तो बिना किसी नोटिस के बिजलीकर्मी कार्य बहिष्कार और जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे। किसान इस संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। ई. नीरज बिंद ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार घाटे के झूठे आंकड़े दिखाकर पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सात महीने से आंदोलन कर रहे बिजलीकर्मियों से अब तक कोई वार्ता करने को तैयार नहीं है। ई. एस.के. सिंह ने बताया कि गलत पावर परचेज एग्रीमेंट्स के कारण सरकार को निजी बिजली उत्पादकों को हर साल 6761 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जबकि कोई बिजली खरीदी नहीं जाती। इसके अलावा महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण हर साल 10,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उपभोक्ताओं पर आ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब किसानों और बुनकरों को दी जा रही बिजली सब्सिडी को भी घाटा बताया जा रहा है। अगर निजीकरण हुआ तो गरीब उपभोक्ताओं को 10-12 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदनी पड़ेगी, जिससे वे लालटेन युग में लौटने को मजबूर हो जाएंगे।